दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 47
कोटद्वार बुधवार
7 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## तीन साल की बच्ची बाइक से गिरकर हुई मौत

**बाजपुर।** बाजपुर में पिता के साथ घूमने गई तीन साल की बच्ची बाइक से गिरकर घायल हो गई। परिजन उसे एसटीएच ले आए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक सोमवार को नंदपुर नर टोपा गांव निवासी इकरार पत्नी निखत और तीन साल की बेटी जिया के साथ बाइक से बाजार जा रहा था। इस दौरान एक जानवर को बचाने के चक्कर में बाइक रपट गई। हादसे में पत्नी निखत और जिया घायल हो गई। परिजन दोनों को बाजपुर के निजी अस्पताल ले गए, जहां उनकी हालत गंभीर देख उन्हें एसटीएच रेफर कर दिया। मंगलवार को उपचार के दौरान जिया ने दम तोड़ दिया। जिया की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मेडिकल चौकी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करव-ाकर परिजनों को सौंप दिया। वहीं गांव के पूर्व प्रधान शमशाद हुसैन ने बताया कि मासूम की मौत से गांव में गमगीन माहौल है।

## मसूरी में अवैध निर्माण पर 13 को हाईकोर्ट में सुनवाई

**मसूरी।** मसूरी में अवैध निर्माण को लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका 13 जून को सुनवाई होगी। उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी प्रदीप भंडारी ने बताया कि उनकी ओर से निर्माण कार्यों की सीबीआई जांच और अवैध निर्माण को लेकर याचिका दाखिल की है, उसे पूर्व में अधिवक्ता पंकज क्षेत्री की ओर से दायर जनहित याचिका के साथ ही जोड़ दिया है।

# पांच महीने में 13 बाघ-बाघिनों की मौत पर बोले सीएम- आंकलन के बाद दोषियों पर होगी कार्रवाई

**देहरादून।** उत्तराखंड में पांच महीने में 13 बाघ-बाघिनों की मौत हो चुकी है। यह आंकड़ा वन्यजीव प्रेमियों के लिए किसी आघात से कम नहीं है। सबसे अधिक मौतें कुमाऊं के सेंट्रल तराई क्षेत्र में हुई हैं। मंगलवार को इस बाबत मीडिया से बात करते हुए सीएम धामी ने कहा कि इस मामले का निश्चित रूप से आंकलन किया जाएगा। अगर कोई दोषी पाया जाता है तो इसमें कार्रवाई जरूर होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष अप्रैल में देश में बाघ गणना-2022 के आंकड़े जारी किए थे। उसमें पिछले चार वर्षों से बाघों की संख्या में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाई गई है। देशभर में बाघों की संख्या करीब



3167 बताई गई है। वर्ष 2018 की गणना के अनुसार उत्तराखंड में बाघों की संख्या 442 है।

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, देशभर में इस साल बीते पांच महीने में कुल 76 बाघों की मौत हुई है। इनमें 12 बाघ केवल उत्तराखंड में मारे गए।

बीते दो जून को भी कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में एक बाघ का शव मिला था। ऐसे में अब तक यहां 13 बाघों जान जा चुकी है।उत्तराखंड में इस साल बाघ की पहली मौत का मामला जनवरी में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में सामने आया था। उसके बाद फरवरी में तीन बाघ नैनीताल और रामनगर में मृत पाए गए। फिर मार्च में दो बाघ चकराता रेंज हल्द्वानी और रामनगर डिविजन में मारे गए।अप्रैल में कॉर्बेट की ढेला रेंज में एक बाघ मृत पाया गया। मई में दो बाघ कालागढ़ डिविजन और कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में मारे गए, जबकि तीन बाघों की मौत का आंकड़ा अभी तक वेबसाइट पर अपडेट नहीं किया गया है। बाघों की मौत के कारण अलग-अलग हैं। वर्ष 2022 में 12 महीने में नौ बाघों की मौत दर्ज की गई थी।

## ओडिशा ट्रेन त्रासदी की जांच के लिए सीबीआई टीम पहुंची बालासोर

**नई दिल्ली , एजेंसी।** बालासोर ट्रेन त्रासदी की जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एक टीम ओडिशा पहुंच गई है। फिलहाल सीबीआई ने इस सिलसिले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। सूत्रों के मुताबिक टीम सोमवार रात बालासोर पहुंची।

सूत्र ने कहा, हमने अभी तक इस मामले में मामला दर्ज नहीं किया है। हम घटना स्थल की जांच कर रहे हैं।रेलवे बोर्ड ने रविवार को ट्रेन हादसे की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की सिफारिश की थी।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा था, जिस तरह से यह हादसा हुआ, हालात को देखते हुए और प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक रेलवे बोर्ड इसकी जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश कर रहा है।

# जून के महीने में भी आठ फीट बर्फ के आगोश में समाया हेमकुंड साहिब

**जोशीमठ ।** उत्तराखंड में सोमवार रात बारिश और बर्फबारी से मौसम में ठंडक आ गई है। वहीं, हेमकुंड साहिब में भी बर्फबारी से ठंड बढ़ गई है। गुरुद्वारा परिसर स्थित लोकपाल लक्ष्मण मंदिर अभी करीब आठ फीट बर्फ के आगोश में है। हेमकुंड साहिब में भी इतनी ही बर्फ जमी है।

हेमकुंड सरोवर भी बर्फ से ढका है। गोविंदघाट गुरुद्वारे के वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया कि पिछले 13 साल में हेमकुंड साहिब और लक्ष्मण मंदिर में जून माह में इतनी बर्फ देखने को मिल रही है।

हेमकुंड साहिब मार्ग से बर्फ हटाए जाने के बाद तीर्थयात्रा सुचारु हो गई है। सोमवार को



13 साल बाद हुआ ऐसा

करीब 2200 तीर्थयात्रियों ने हेमकुंड साहिब के दर्शन किए। जबकि 300 बच्चे और बुजुर्ग तीर्थयात्री घांघरिया में ही रोके गए थे। जिन्हें मंगलवार को रवाना किया गया।सुबह नौ से दस बजे तक ही तीर्थयात्रियों को हेमकुंड साहिब जाने की अनुमति दी जा रही है। बता दें कि हेमकुंड साहिब में प्रतिदिन सुबह नौ बजे, दोपहर में साढ़े बारह बजे और अपराह्न ढाई बजे अरदास की जाती है।रविवार को ग्लेशियर खिसकने की घटना के बाद से अब अपराह्न ढाई बजे की अरदास को फिलहाल के लिए रोक दिया है। अब दोपहर साढ़े बारह बजे की अरदास के बाद तीर्थयात्रियों को हेमकुंड साहिब से घांघरिया के लिए वापस भेज दिया जाएगा। गोविंदघाट गुरुद्वारे के वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया कि हेमकुंड साहिब में प्रतिदिन एक बजे लाउडस्पीकर से तीर्थयात्रियों को वापस घांघरिया जाने की अपील की जाती है, लेकिन कई तीर्थयात्री थकान और फोटो खिंचवाने के चलते रास्ते में ही काफी देर कर देते हैं।

### लोक सभा चुनाव को लेकर भाजपा में मंथन


## शाह ने नड्डा और बीएल संतोष के साथ की दूसरी बैठक

**नई दिल्ली , एजेंसी।** लोक सभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा में शीर्ष स्तर पर बैठकों का दौर शुरू हो गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष ने 15 घंटे के अंदर दो बार मैराथन बैठक कर चुनावी तैयारियों से जुड़े संगठनात्मक पहलुओं को लेकर विस्तार से चर्चा की।

अमित शाह, जेपी नड्डा और बीएल संतोष की पहली बैठक सोमवार देर रात भाजपा मुख्यालय के केन्द्रीय कार्यालय में हुई। सोमवार को देर रात तक कई घंटे चली इस मैराथन बैठक के बाद तीनों नेताओं ने मंगलवार को फिर से बैठने का फैसला किया।

# कालिंदी ट्रैक से गाइड के शव को लेने के लिए टीम रवाना, 37 सदस्यीय दल गंगोत्री लौटा

**उत्तरकाशी , एजेंसी।** उत्तरकाशी में बीते रविवार को कालिंदी ट्रैक पर एक गाइड की मौत के बाद अन्य 37 सदस्यीय दल गंगोत्री वापस लौट चुका है। वहीं गाइड के शव को रेसक्यू करने के लिए ट्रैकिंग एजेंसी का 10 सदस्यीय दल रवाना हो गया है। इस दल को गंगोत्री नेशनल पार्क और प्रशासन की ओर से संचार सुविधा के लिए हाईटेक



सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। बताया जा रहा है कि गाइड का शव लाने में करीब एक सप्ताह का समय लगेगा।

जिला आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, मई माह के अंतिम सप्ताह में 14 ट्रैकर्स के साथ गाइड और पोर्टर सहित कुल 38 सदस्यीय दल कालिंदी ट्रैक के लिए रवाना हुआ था। उसके बाद दल मौसम लगातार खराब होने के कारण करीब 19 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई पर ट्रैक के बेस कैंप पर रुका हुआ था।

जहां पर एक गाइड की तबीयत खराब होने के कारण उसकी मौत हो गई। जिसकी सूचना ट्रैकिंग एजेंसी को बीते चार जून को दी गई थी। उसके बाद उन्होंने प्रशासन से गाइड के शव को रेसक्यू करने के लिए हेली सेवा की मांग की थी। गंगोत्री नेशनल पार्क के रेंज अधिकारी प्रताप सिंह पंवार ने बताया कि 37 लोग मंगलवार दोपहर गंगोत्री पहुंच गए हैं।

## सच का सामने आना जरुरी है: ममता बनर्जी

**कटक/कोलकाता , एजेंसी।** कोरोमंडल एक्सप्रेस हादसे में बंगाल के सैंकड़ों लोगों के शवों की शिनाख्त हो गई है।

वही आज ओडिशा के दौरे पर पहुंची मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कटक व भुवनेश्वर के अस्पताल में भर्ती राज्य के निवासी घायलों से मुलाकात की। ममता बनर्जी ओडिशा के बालासोर में हुए ट्रेन हादसे के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दुर्घटनास्थल का जायजा लेने पहुंची थी।



# तहसील दिवस में सीडीओ ने सुनी समस्याएं



नई टिहरी : प्रतापनगर ब्लाक में तहसील दिवस में समस्यायें सुनते हुए सीडीओ मनीष कुमार ने ग्राम भेलुन्ता के बल्ली लाल के भूस्खलन से प्रभावित परिवारों का अवशेष भुगतान करने की मांग पर एसडीएम प्रतापनगर को चार दिन के भीतर कार्यवाही सुनिश्चित कर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मौके पर 33 शिकायतों का निस्तारण करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का हर हाल में 15 दिन के भीतर समाधान करने की भी हिदायत दी।जिले के प्रतापनगर के ब्लाक सभागार में आयोजित तहसील दिवस का आयोजन सीडीओ मनीष कुमार की अध्यक्षता में किया गया।

सीडीओ ने इस मौके पर कहा कि विभागीय अधिकारी अपने विभाग की सटीक जानकारी जन–जन तक प्रसारित करने का काम करें। इससे शिकायतें नहीं आयेंगी। अधिकारी शासन स्तर की समस्यओं के लिए शासन से त्वरित पत्राचार करना भी सुनिश्चित करेंगे। शिकायतों में ग्राम बनाली के दिलमोहन सिंह रावत ने बनाली चोलंग पेयजल योजना के खस्ताहाल होने की शिकायत की। जिस पर जल संस्थान को एक सप्ताह में निस्तारण कर स्पष्ट आख्या उच्चाधिकारियों को उपलब्ध कराने को कहा गया। ग्राम हलेय के उम्मेद सिंह ने चेकडैम व सुरक्षा दीवार लगाने की मांग कर कास्तकारों की भूमि को बचाने की अपील की। जिस पर सीडीओ ने कृषि अधिकारी व बीडीओ प्रतापनगर को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम बैसाड़ी के सुमेर सिंह रावत ने ग्राम पंचायत बैसाड़ी में विकास कार्यों को कराये जाने की मांग पर वीडीओ को जन भावनाओं के आधार पर परीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। (एजेंसी)

## बाल श्रम से आठ बच्चे छुड़ाए, सात दुकानदारों पर मुकदमा

देहरादून। बाल श्रम उन्मूलन के लिए श्रम विभाग ने की ओर से मंगलवार को डोईवाला थानाक्षेत्र में बाल श्रम के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान टास्क फोर्स,पुलिस व संस्थाओं से जुड़े लोगों ने सात दुकानों से आठ बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। श्रम विभाग की ओर से सात दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अश्वनी कुमार ने बताया कि असिस्टेंड लेबर कमिश्नर केके गुप्ता और सीओ नीरज सेमवाल के निर्देशन में विभाग ने एक जून से 30 जून तक मंथ अगेंस्ट चाइल्ड लेबर( बाल श्रम के खिलाफ महीना) अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत मंगलवार को टास्क फोर्स ने डोईवाला थाना क्षेत्र में 200 से ज्यादा दुकानों में मानिटिरिंग व चेकिंग की। इस दौरान सात अलग अलग दुकानों में बाल श्रम करते हुए आठ बच्चे पाए गए।

# गांवो व बाजारों से टैक्स की पूरी वसूली, सफाई कर्मी भेजना भूली

जखोली : पंचायत राज विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रो को स्वच्छ व साफ सुथरा रखने के लिए जगह–जगह कूड़ेदान स्थापित तो कर दिये लेकिन कूड़ेदानो मे एकत्रित कूड़े के निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं की गयी है, पंचायती राज विभाग द्वारा कर्मचारी की नियुक्ति न किये जाने से जब से कूड़ेदान लगाये गये हैं तब और आज तक कूड़ा तस का तस पड़ा हुआ है।

जानकारी के लिए बता दे कि सरकार ने 15वें वित्त आयोग से स्वीकृत धनराशि से गाँवो में करोड़ो रु की लागत से कूड़े को अपने घरो मे जमा करने के लिए जैविक, अजैविक डेस्टविन व ग्राम पंचायतों को तो जरूर वितरण किये लेकिन उनका प्रयोग लोग कूड़े के लिए नही बल्कि घरो में अपनी आवश्यक चीजे जैसे आटा, चावल इत्यादि के लिए उपयोग मे ला रहे हैं और जो बाजारों और गाँवों लगाये गये कूड़ा कलेक्शन हेतू कूड़ेदान रखे गये है उनमें जमा कूडे से अब भंयकर बदबू भी आने लगी है तथा दुर्गध से गाँवो की हवा दूषित होने लगी है जिससे आने वाले समय में बिमारी फैलने का डर अब लोगो को सताने लगा है। ज्ञात हो कि विकासखंड जखोली के गाँवों व मुख्य बाजारो मे पंचायतराज विभाग ने स्वच्छ ग्राम स्वच्छ भारत अभियान के तहत कूड़ेदान लगाये गये हैं ताकि गाँवो मे सफाई व्यवस्था बेहतर हो सके, लेकिन जखोली के दर्जनों गांव,कस्बों व बाजारों मे रखे गये कूड़ेदानों मे कूड़ा आज भी वैसे ही देखने को मिल रहा है। ग्रामीण रोजाना इन कूड़ेदानों मे कचरा डाल रहे हैं जगह जगह कचरा कूड़ेदानों मे डम्प हो रहा है लेकिन प्रशासन कूड़ा नही उठा रहा है। आपको अवगत करा दे जखोली के ग्राम पंचायत बुढ़ना, के फतेडू बाजार मे भी दो कूड़ेदान एक जैविक व एक अजैविक लगाये गये है जिनको लगे आज लगभग 6 माह का समय गुजरने वाला है लेकिन तब से और आज तक जिलापंचायत रूद्रप्रयाग द्वारा कूड़े का निस्तारण नही किया गया। बुढ़ना की प्रधान श्रीमती आरती देबी,पूर्व प्रधान धनपुरु लाल,सामाजिक कार्यकर्ता जगत सिह कंडवाल, पूर्व प्रधान सौकार सिंह राणा, दलेब सिह राणा सहित फतेडू बाजार के ब्यापारियों का कहना है कि इस संमध मे हमने एक प्रार्थना पत्र जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अमरदेई शाह को भी दिया, लेकिन कूड़ेदान मे जमा कचरे के निस्तारण हेतु कोई कार्यवाही नहीं की गयी। वही दुकानदारों का ये भी कहना है कि जब कचरा अत्यधिक जमा हो गया तो हमने उसे स्वयं जलया अखर जलाते नही तो सारे बाजार का बातावरण दुर्गंधयुक्त हो रहा था। जब बाजारो का कचरा नही उठाया जा रहा तो फिर गाँवो की क्या स्थिति होगी, इतना जरुर है कि जिला पंचायत ने किन्ही दो नावालिग बच्चों को 5 जून को चिरबटिया बाजार मे कूड़ेदान मे जमा कूड़े की सफाई के लिए जरूर भेजा था। (एजेंसी)

# लग रही है कतार, पंजीकरण का आंकड़ा ढाई हजार के पार



ऋषिकेश। चारधाम यात्रा ने अब रफ्तार पकड़ ली है। प्रतिदिन यात्री पंजीकरण का आंकड़ा ढाई हजार के पार हो गया है। सप्ताहभर पहले पंजीकरण का प्रतिदिन का औसत आंकड़ा 1400 के करीब था।मंगलवार को यात्रा पंजीकरण एवं ट्रांजिट कैंप परिसर बाहरी प्रांतों से आए तीर्थयात्रियों से गुलजार रहा। ट्रांजिट कैंप के वेटिंग हॉल और आसपास बड़ी संख्या में यात्री नजर आए। फोटो पंजीकरण केंद्र के आठ काउंटरों के आगे यात्री लंबी कतार में पंजीकरण के लिए खड़े दिखे। भीड़ के चलते पंजीकरण काउंटर के बाहर किसी तरह की अव्यवस्था नहीं हो, इसके लिए पुलिस और होमगार्ड के जवान मौके पर मुस्तैद रहे।

दोपहर दो बजे के बाद ज्यादातर श्रद्धालुओं के आस्थापथ की ओर रवाना होने से भीड़ कम हुई। फोटो पंजीकरण केंद्र के प्रबंधक प्रेमअनंत ने बताया कि पिछले तीन दिन से चारधाम यात्रा में तेजी आयी है।

## मसूरी में माल रोड के मलबे से सीवर लाइनें चोक

देहरादून। मसूरी में कई स्थानों पर सड़कों पर सीवर बह रहा है। बारिश की वजह से माल रोड का मलबा सीवर लाइनों में जाने से सीवर लाइनें कई जगह चोक हो गई हैं।हुसैनगंज, मालरोड, लंढौर रोड सहित अन्य स्थानों पर भी सीवर बह रहा है। इससे राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय निवासी विनोद कंडारी ने बताया कि हुसैनगंज में बहते सीवर से लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

जल संस्थान के अधिशासी अभियंता एलसी रमोला ने कहा कि मसूरी में लगातार हो रही बारिश के कारण मालरोड पर चल रहे निर्माण कार्य का मलवा सीवर लाइनों में आ जाने से लाइनें चोक हो गई हैं।

# अफसर छात्रों को तय सीमा के अंदर प्रमाण पत्र निर्गत करें : डीएम



उत्तरकाशी : अपणू स्कूल-अपणू प्रमाण पत्र' योजना के तहत 630 छात्रों को प्रमाण पत्र वितररण किए जा चुके हैं। छात्रों को प्रमाण पत्र वितरण करते डीएम अभिषके रूहेला बताया कि योजना के तहत का प्रमाण वितरण की शुरूआत हो गई है। कहा कि योजना के तहत कक्षा 12 में पंजीकृत 3663 छात्रों में से 1530 छात्रो ने विभिन्न प्रमाणपत्रों हेतु आवेदन किया है। 630 प्रमाण पत्र निर्गत किए जा चुके हैं। तय समय के भीतर अन्य प्रमाण पत्र भी निर्गत कर दिए जाएंगे।मंगलवार को डीएम अभिषके रूहेला ने राबाइंका में आयोजित कार्यक्रम अपणू स्कूल-अपणू प्रमाण पत्र' योजना के तहत विभिन्न विद्यालयों के 11वीं एवं 12वीं कक्षा के छात्रों को स्थाई निवास, पर्वतीय क्षेत्र, जाति तथा आय प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर डीएम ने कहा कि इस योजना से छात्रों को उनकी भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए विद्यालय स्तर पर ही प्रमाण पत्र तैयार करने की महत्वपूर्ण योजना शुरू की गई है। योजना में आवेदन करने वाले पात्र छात्रों को 15 दिनों के भीतर स्थाई निवास, पर्वतीय क्षेत्र, जाति तथा आय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इससे छात्रों को विभिन्न प्रकार के रोजगार एवं सेवायोजन हेतु आवेदन करने और उच्च शिक्षा हेतु प्रवेश आदि के लिए जरूरी प्रमाण पत्रों को हासिल करने के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा।

## एक नजर

### मोथरोवाला कारगी और धोरणखास में अतिक्रमण पर चली जेसीबी

देहरादून। नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों ने मंगलवार को मोथरोवाला, कारगी और धोरणखास क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सरकारी जमीनों को कब्जामुक्त करवाया गया। इस दौरान विरोध करने वालों को अधिकारियों ने कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

शासन की ओर से नगर निगम और जिला प्रशासन को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि शहरभर में सरकारी जमीनों पर हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर जमीनों को कब्जामुक्त करवाकर वहां सरकारी विभागों के स्वामित्व के बोर्ड लगवाए जाएं। इसी के तहत मोथरोवाला में चार पक्के सात निर्माणाधीन मकान ध्वस्त किए गए। कारगी में नाले से सटी सरकारी जमीन पर सात कच्चे पक्के निर्माण ध्वस्त किए गए। धोरणखास में भी टीमों ने कार्रवाई की। नगर आयुक्त मनुज गोयल ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। नगर निगम की जमीनों पर निगम अपने स्वामित्व के बोर्ड लगवा रहा है।

### चार डग्गमार बसें सीज, 12 ई रिक्शा के चालान

देहरादून। आरटीओ की टीम ने चार डग्गामार बसें सीज की हैं। यह बसें यूपी से सवारियां लेकर देहरादून आ रही थी। इसके साथ ही 12 ई रिक्शा के चालान कर दो ई रिक्शा सीज भी किए हैं।

आरटीओ प्रवर्तन शैलेश तिवारी ने बताया कि मंगलवार तड़के हरिद्वार बाईपास रोड पर टीम ने चेकिंग की। इस दौरान चार बसें पकड़ी गई, जो यूपी से सवारियां लेकर आ रही थीं। परमिट शर्तों का उल्लंघन करने पर बसों को सीज किया गया। बसों के टेंपरेरी परमिट थे। मंगलवार दिन में टीम ने लालपुल और आईएसबीटी क्षेत्र में ई रिक्शा के खिलाफ अभियान चलाया।

इस दौरान 12 ई रिक्शा के चालान किए गए, जबकि दो सीज किए हैं। इसमें कुछ ई रिक्शा ऐसे मिले, जिनका टैक्स जमा नहीं था। कुछ के ड्राइवरों के पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं था। बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# परिषदीय परीक्षा 2023 के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया



रुद्रप्रयाग : जिला प्रशासन तथा शिक्षा विभाग के तत्वाधान में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परिषदीय परीक्षा-2023 में राज्य स्तर पर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले जनपद के मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रतूडा में आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जनपद से राज्य स्तर पर इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल में मेरिट सूची स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं एवं समस्त विद्यालय के प्रधानाचार्य को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक, जिलाधिकारी, मुख्य शिक्षाधिकारी, खण्ड शिक्षाधिकारी जखोली द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में डायट के छात्र–छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना गाकर अतिथियों का स्वागत किया। विधायक भरत सिंह चौधरी ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को गौरवशाली इतिहास के साथ शिक्षा के माध्यम से समाज और राष्ट्र निर्माण से बड़ी भूमिका निभा रहा है। हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में अच्छे अंको से स्थान प्राप्त करना अपने आप में गौरवशाली है। कहा कि बच्चे की योग्यता की पहचान करने का समय है, बच्चे राष्ट्र की ही नहीं मानवता की धरोहर है। बिना अभ्यास व अनुभव के किसी भी कार्य में सफलता नहीं मिलती है। विधायक श्री चौधरी ने स्कूल के प्रधानाचार्यों शिक्षकों, कर्मचारियों सहित स्कूल के संस्थापक सदस्यों को बधाई दी और कहा कि उनके द्वारा इस शिक्षा के मंदिर को विद्यार्थियों हेतु, सर्वांगीण विकास के केंद्र के रूप में विकसित किया है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा प्राप्त कर आप सभी को देश व समाज के बेहतर निर्माण हेतु अपना योगदान देना है, जो विकसित भारत, विश्वगुरु भारत व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करेगा। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है इसमें आप सभी छात्र–छात्राओं की सबसे महत्वपूर्ण भागीदारी रहेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि छात्र–छात्राएं अपने अंदर आत्मानुशासन, आत्मनियंत्रण और दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ–साथ दया, करूणा जैसे गुणों को भी धारण करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा या सीखना एक सतत प्रक्रिया है और हमेशा कुछ न कुछ सीखते रहें।

इस अवसर पर मुख्य शिक्षाधिकारी विनोद सिमल्टी ने कहा कि इण्टरमीडिएट की परिषदीय परीक्षा में राज्य स्तर पर मेरिट सूची में जनपद के 06 एवं हाईस्कूल परिषदीय परीक्षा में 24 मेधावी छात्र–छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि हाईस्कूल परीक्षाफल में जनपद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा इण्टरमीडियट की परीक्षा में द्वितीय स्थान पर रहा है एवं गढ़वाल मण्डल में हाईस्कूल व इण्टर में जनपद ने पहला स्थान हासिल किया है। कार्यक्रम में खण्ड शिक्षाधिकारी यशवीर सिंह रावत, पूर्व महामंत्री युवा मोर्चा गौरव चौधरी, डायट प्रवक्ता जीपी सती, श्रीमती इन्दुकांता भण्डारी, डायट के समस्त संकाय सदस्य, समग्र शिक्षा जिला समन्वयक प्रेरणा रतूडी, जिला अध्यक्ष अशासकीय विद्यालय सुखदेव सिंह रावत, जिला मंत्री तीरथ सिंह नेगी, आशुतोष गौड, संगीता नेगी, अमित कण्डारी, सनोध दुमागा सहित विद्यालयो के प्रधानाचार्य, अभिभावक, मेधावी छात्र-छात्राएं एवं डीएलएड के छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

# शैलेंद्र सिंह ने टीएचडीसी में निदेशक कार्मिक का कार्यभार संभाला



ऋषिकेश ।टीएचडीसी में मंगलवार को शैलेंद्र सिंह ने निदेशक कार्मिक का कार्यभार संभाला। इससे पहले वे विद्युत मंत्रालय के तहत एसजेवीएन में मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष मानव संसाधन के पद पर कार्यरत थे।केंद्र सरकार ने टीएचडीसी के निदेशक कार्मिक के पद पर शैलेंद्र सिंह को नियुक्त किया है। उनका चयन लोक उद्यम चयन बोर्ड, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने किया है। शैलेंद्र का जन्म 19 अगस्त, 1965 को हिमाचल प्रदेश के शिमला में हुआ और उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा शिमला के प्रतिष्ठित सेंट एडवर्ड स्कूल से प्राप्त की। उन्होंने गवर्नमेंट कॉलेज, शिमला से अंग्रेजी (ऑनर्स) में स्नातक किया और कॉलेज के टॉपर रहे। वर्ष 1989 में हिमाचल प्रदेश विवि शिमला से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री हासिल की। उन्होंने एसजेवीएन में वर्ष 1992 में कार्यकारी प्रशिक्षुओं के पहले बैच से अपना करियर शुरू किया।

उनके पास मानव संसाधन के सभी क्षेत्रों में 30 से अधिक वर्षों का अनुभव है और उन्होंने कॉरपोरेट कार्यालय के साथ–साथ एक ही समय पर दो प्रमुख हाइड्रो पावर स्टेशनों 1500 मेगावाट एनजेएचपीएस और 412 मेगावाट आरएचपीएस के एचआर प्रमुख के रूप में कार्य किया। उनके पास एमिटी, न्यूयॉर्क (यूएसए) में आयोजित ग्लोबल बिजनेस लीडरशिप, रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, लंदन (यूके) में मानव संसाधन समारोह का आधुनिकीकरण और एएससीआई, हैदराबाद में विभिन्न नेतृत्व और प्रबंधन कार्यक्रमों जैसे विभिन्न उन्नत राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अनुभव है। शैलेंद्र सिंह ने कहा कि उनका ध्यान मानव संसाधन कार्यों में मूल्य जोड़ने, कॉरपोरेट रणनीति के लिए मानव संसाधन रणनीति को संरेखित करने तथा टीएचडीसी को मानव संसाधन संबंधी प्रक्रियाओं को मजबूत आधार पर स्थापित कर सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों की प्रतिष्ठित सूची में स्थापित और शामिल करने पर होगा।

## मोदी सरकार के नौ साल जनता की सेवा को रहे समर्पित

देहरादून। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों और ऐतिहासिक फैसलों से देश मे स्वर्णिम युग आया है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 24 घंटे बिना रुके जनता के हितों के लिए काम किया है।

इसी का नतीजा है कि भारत विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाने की दिशा में निर्णायक रूप से आगे बढ़ रहा है । भगत ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार की सुशासन की नीति के बूते ही विश्व में देश को एक नई पहचान मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप हुई है।

# नगर निगम ने अपने हाथों में ली स्ट्रीट लाइटों के मरम्मत की कमान

देहरादून। वार्डों में स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का काम कर रही निजी कंपनी के काम ठप करने के बाद नगर निगम ने अब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का काम अपने हाथ में ले लिया है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने तक आउटसोर्स पर पंद्रह कर्मचारियों को मरम्मत कार्य में लगाया गया है। इसके अलावा पथ प्रकाश अनुभाग की टीम ने भी मोर्चा संभाल लिया है। नगर आयुक्त मनुज गोयल ने बताया कि पार्षदों और जनता की ओर से शिकायतें मिलने के बाद नगर निगम ने ईईएसएल से मरम्मत का काम वापस ले लिया है। अधिकारी ने बताया कि वार्डों में मरम्मत कार्य के साथ नई लाइटें लगाने का काम फिर से शुरू करवा दिया है। उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद और तेजी से काम होगा। अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि टेंडर लेने के बाद कंपनी संतोषजनक कार्य नहीं करती तो उसे भी बाहर किया जाएगा।

### टेंडर की शर्तों में बदलाव पर पार्षदों ने उठाए सवाल

नगर निगम ने हाल ही स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत को वाहन किराये पर लेने के लिए टेंडर जारी किए हैं। पार्षद अमिता सिंह और सतीश कश्यप ने मंगलवार को नगर आयुक्त से मुलाकात कर आरोप लगाया कि स्ट्रीट लाइटों का टेंडर ऐसे ठेकेदार को दिलाने का प्रयास किया जा रहा है जिसका पूर्व में बोर्ड संतोषजनक कार्य नहीं होने के चलते बहिष्कार कर चुका है। उन्होंने कहा कि टेंडर की शर्तें आसान होनी चाहिए।

# मसूरी पेयजल योजना के लिए केंद्र ने दिए 56 करोड़

देहरादून। मसूरी पेयजल योजना के लिए केंद्र सरकार ने 56.46 करोड़ का बजट जारी कर दिया है। इससे इस योजना के शेष कार्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी।विदित है कि केंद्र सरकार ने मसूरी पुनर्गठन जल आपूर्ति योजना के लिए 144 करोड़ रुपये मंजूर किए थे। इसमें से अधिकांश राशि केंद्र पहले ही दे चुका है जबकि 56 करोड़ रुपये बाकी रह गए थे। राज्य सरकार ने केंद्र से पूरा बजट न मिलने के बावजूद इस परियोजना को पूरा करने के लिए धन की व्यवस्था की और उसके तहत परियोजना का निर्माण पूरा कराया गया। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि परियोजना को पूरा करने के लिए अन्य मद से भी बजट खर्च किया गया था। लेकिन अब केंद्र सरकार ने विशेष सहायता अनुदान के तहत स्वीकृत बजट का शेष हिस्सा भी दे दिया है। इससे इस परियोजना को शुरू करने में मदद मिलेगी। मसूरी पेयजल योजना का मसूरी के लोगों को लम्बे समय से इंतजार था और अब यह इंतजार खत्म होने जा रहा है। इधर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी पेयजल योजना के लिए विशेष सहायता के तहत 56.46 करोड़ रूपये का बजट जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।

## आयुष, आर्यन और अभिमन्यु क्रिकेट एकेडमी जीते

देहरादून। डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर–19 डिस्ट्रिक्ट लीग में आयुष क्रिकेट एकेडमी, आर्यन छेत्री क्रिकेट एकेडमी और अभिमन्यु क्रिकेट एकेडमी ने अपने–अपने मैच जीते। देहरादून में आयुष क्रिकेट एकेडमी में मंगलवार को पहला मैच आर्यन क्रिकेट एकेडमी और आयुष क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। आयुष क्रिकेट एकेडमी ने पहले खेलते हुए निर्धारित 36 ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए।

# कांग्रेसियों ने परियोजना प्रबंधक से उठाया सीवरेज का मुद्दा



ऋषिकेश । ऋषिकेश के सर्वहारानगर सहित कई क्षेत्रों में सीवर सुविधा नहीं होने से क्षेत्रवासी परेशान हैं। सीवर समस्या के निराकरण के लिए कांग्रेस ने निर्माण एंव अनुरक्षण ईकाई गंगा उत्तराखण्ड पेयजल निगम के परियोजना प्रबंधक से वार्ता की। परियोजना प्रबंधक ने जल्द ही वंचित क्षेत्रों में सीवर लाइन के कार्यों को करवाने का आश्वासन दिया। मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेयजल निगम के परियोजना प्रबंधक एसके वर्मा से मुलाकात की। कांग्रेस नेता जयेन्द्र रमोला और समाजसेवी डॉ. बीएन तिवारी ने कहा कि ऋषिकेश के कई क्षेत्रों में सालों से सीवर की समस्या से लोग परेशान हैं। लेकि शासन–प्रशासन अनदेखी कर रहा है। जब–जब चुनाव आता है तो कामों का भरोसा देकर जनता से वोट लिए जाते हैं और जनता के हाथ में सिर्फ और सिर्फ निराशा लगती है। नगर निगम क्षेत्र के सर्वहारानगर, भैरो मन्दिर कालोनी, गंगा नगर सहित कई क्षेत्रों में सीवर लाइन की वर्षों से मांग की जा रही है, बावजूद इसके जनप्रतिनिधि चुप हैं और आम जनता परेशान हैं। उन्होंने जल्द सभी क्षेत्रों में सीवर सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग की। परियोजना प्रबंधक एसके वर्मा ने कहा कि सर्वहारानगर, गंगा विहार, वीरभद्र मार्ग, बापू ग्राम, सोमेश्वर मन्दिर, गंगा नगर, शिवाजी नगर क्षेत्रों के सीवर कार्यों के लिए 202.42 करोड़ के टेंडर हो चुके हैं।

## पौधों का किया रोपण, संरक्षण का लिया संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : भृगुखाल रेंज पौखाल भूमि संरक्षण वन प्रभाग लैंसडौन की ओर से थल नदी में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान सदस्यों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया।

हंस फाउंडेशन के सौजन्य से सदस्यों ने क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए रैली भी निकाली। कार्यक्रम में गेंद मेला समिति के अध्यक्ष मनीष नेगी, सेवा निवृत्त रेंज अधिकारी राजेंद्र प्रसाद पंत, सेवा निवृत्त वन दरोगा लोकपाल बिष्ट व राजकीय पालीटेक्निक के प्रधानाचार्य सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

वन अधिकारी एवं कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष आरपी पंत ने बताया कि आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया गया है। इस मौके पर सतीश बहुगुणा, सोहन जुयाल आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं को न्याय दिलवाने सड़क पर उतरी कांग्रेस



कोटद्वार में आक्रोश रैली निकालते कांग्रेसी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : सरकार पर महिला उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए महिला कांग्रेस ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। कहा कि देश में बेटियों का उत्पीड़न किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि बेटियों को न्याय नहीं मिला तो कांग्रेस पूरे देश में जनआंदोलन चलाएगी।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महिला कांग्रेस कार्यकर्ता झंडाचौक में एकत्रित हुए। वहां से वे प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला व जिलाध्यक्ष रश्मि पटवाल के नेतृत्व में तहसील परिसर पहुंचे और प्रदर्शन करने के बाद प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति व राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान भाजपा शासन में महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं रह गई हैं। महिलाओं पर अत्याचार लगातार बढ़ रहे हैं। अंकिता भंडारी हत्याकांड इसका सुबूत है।

अंकिता के माता-पिता अभी भी न्याय के लिए भटक रहे हैं और प्रदेश सरकार उनको त्वरित न्याय दिलाने में असफल रही है। दूसरी ओर ओलंपिक पदक विजेता और देश का नाम रोशन करने वाली महिला पहलवानों ने जब अपने साथ हुए अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई तो उन्हें धरना स्थल से ही हटा दिया गया।

ज्ञापन में राष्ट्रपति से महिला अत्याचारों के खिलाफ प्रदेश व केंद्र सरकार को कठोर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित करने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी, मेयर हेमलता नेगी, पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत, जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, चंद्रकला नेगी, नीलम रावत, सुनीता बिष्ट, सुधा असवाल और विनीता भारती सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## आत्महत्या मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष मातबर सिंह नेगी ने जीबी पंत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी घुड़दौड़ी में असिस्टेंट प्रोफेसर की आत्महत्या मामले की वास्तविक तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच किए जाने की मांग की है। शनिवार को पौड़ी में पत्रकार वार्ता में मातबर सिंह नेगी ने कहा कि मनीषा भट्ट द्वारा किन परिस्थितियों के चलते आत्महत्या की गई है। इसकी विस्तृत जांच होनी चाहिए। कहा कि षड्यंत्र के तहत संस्थान में शैक्षणिक माहौल को खराब करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई कर दंडित किया जाए। कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच को लेकर मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भेजा गया है।

## विद्यार्थियों को सिखाएं एक्टिंग के गुर



राजकीय इंटर कालेज में बच्चों को एक्टिंग के तरीके बताते कलाकार

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में समर कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को एक्टिंग के गुर सिखाए गए। विद्यालय परिसर में आयोजित समर कैंप में थियेटर व सिनेमा से जुड़े प्रदीप भास्कर व सहयोगी परीक्षित ने बच्चों को एक्टिंग के तरीके बताए। प्रथम सत्र में बच्चों को चेहरे के हाव भाव कैसे होने चाहिए इस बारे में विस्तार से बताया गया। खुशी के भाव, डर के भाव, गम के भाव, घृणा, आश्चर्य के भाव आदि के बारे में बच्चों को बताया गया। तत्पश्चात ह अक्षर से हंसने के अलग-अलग प्रकार बताए गए। फिर उसी स्वर को नीचे लाते हुए रोने के तरीके को समझाया गया, जो की अभिनय में एक मजबूत स्तंभ है। इस मौके पर प्रधानाचार्य मुकेश रावत, संतोष नेगी आदि मौजूद रहे।

## थड़िया-चौफला की प्रस्तुतियों ने मोहा दर्शकों का मन



चौदकोट महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देने पहुंचे कलाकार

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार** : मुनाल समिति की ओर से आयोजित चौंदकोट महोत्सव में थड़िया-चौफला की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर शाम तक ग्रामीण व प्रवासी गढ़वाली, कुमाऊंनी गीतों पर झूमते रहे। इस दौरान युवाओं से अपनी संस्कृति व सभ्यता को बचाने की भी अपील की गई।

चौंदकोट के ग्राम मालई स्थित भूमिया डांडा में तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन करवाया जा रहा है। दूसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ गोसेवा आयोग के अध्यक्ष पंडित राजेंद्र अण्थ्वाल व जिला पंचायत सदस्य सीमा सजवाण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि राजेंद्र अण्थ्वाल ने युवाओं से अपने संस्कृति व सभ्यता को बचाने की अपील की। कहा कि हमें एकजुट होकर अपनी सभ्यता को बचाने का प्रयास करना चाहिए। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ स्नेहा रावत, आयुशी रावत, अमीशा रावत, किरन रावत ने गणेश वंदना से किया। इसके उपरांत बच्चों ने गढ़वाल, कुमाऊंनी सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कवि जयपाल सिंह रावत ने अपनी कविताओं के माध्यम से दर्शकों को खूब हंसाया। कार्यक्रम संयोजक विक्रम बिष्ट ने कहा कि समिति की ओर से प्रत्येक वर्ष चौंदकोट महोत्सव का आयोजन किया जाता है। महोत्सव में बड़ी संख्या में प्रवासी जन भी भाग लेते हैं। कार्यक्रम के दौरान लोक गायिका सुमा देवी व अपर सचिव प्रदीप रावत को भी सम्मानित किया गया।

## सीसीएफ ने रिखणीखाल में 24 घंटे टीम तैनात रखने को कहा

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : पौड़ी जिले के रिखणीखाल में सक्रिय बाघ को लेकर मुख्य वन संरक्षक गढ़वाल ने अफसरों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चौबीस घंटे टीम को तैनात रखने को कहा गया है। बताया कि जरूरत पड़ी तो यहां अतिरिक्त स्टाफ की भी तैनाती की जाएगी। बाघ ने एक के बाद एक हमलों में दो लोगों को मार दिया था। इसके करीब एक महीने बाद बाघ एक बार फिर यहां सक्रिय हो गया।

मंगलवार को पौड़ी पहुंचे मुख्य वन सरंक्षक गढ़वाल नरेश कुमार ने अफसरों के साथ बैठक की। बैठक के बाद सीसीएफ ने बताया कि जंगलों की आग, पौधरोपण, रिखणीखाल क्षेत्र में सक्रिय बाघ से लेकर कैंपा और ईको टूरिज्म आदि योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई है। रिखणीखाल में सक्रिय बाघ को लेकर डीएफओ गढ़वाल को क्षेत्र में चौबीस घंटे टीम को तैनात रखने को कहा गया है। बताया कि जरूरत पड़ी तो यहां अतिरिक्त स्टाफ की भी तैनाती की जाएगी। बताया कि बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए यहां ट्रैपिंग कैमरे लगाएं गए है, टीम भी यहां तैनात है। अफसरों को वन्य जीवों के हमले वाले संवेदनशील क्षेत्रों को लेकर पूरी सतर्कता बरतने को कहा गया।

उन्होंने कहा कि इन दिनों बारिश के कारण अभी जंगलों की आग काबू में है लेकिन फायर सीजन को देखते हुए किसी तरह की लापरवाही न की जाए और अलर्ट मोड पर ही रहा जाए। इसके साथ ही कैंपा का एक्शन प्लान भी बनाया गया। आने वाले सीजन में पौधरोपण को लेकर लक्ष्यों का निर्धारण भी समय से करने के लिए कहा गया। इस मौके पर वन संरक्षक गढ़वाल सर्किल पंकज कुमार, डीएफओ गढ़वाल स्वपनिल अनिरुद्ध सहित अन्य कार्मिक भी मौजूद रहे।

## नशा नहीं बेहतर भविष्य चुनें युवा

### राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार में आयोजित की गई गोष्ठी



कोटद्वार महाविद्यालय में आयोजित गोष्ठी में भाग लेते विद्यार्थी व शिक्षक।

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में एंटी ड्रग क्लब की ओर से गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य पर ध्यान देने का संकल्प लिया।

राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार में एंटी ड्रग क्लब की ओर से आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसके खिलाफ हम सभी को एकजुट होकर अभियान चलाना होगा। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य पर ध्यान देने की भी सीख दी। कहा कि सामाजिक बुराईयों से दूर रहकर आगे बढ़ने वाले युवाओं को अवश्य ही मंजिल मिलती है। डा. सीमा चौधरी ने कहा कि समाज को एकजुट होकर नशे के खिलाफ संघर्ष करना होगा। इस दौरान नशा मुक्ति में युवाओं की भूमिका विषय पर गोष्ठी भी की गई। जिसमें शिक्षक व विद्यार्थियों ने अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर डा. प्रीति रानी, डा. हीरा सिंह, डा. पूनम गैरोला, डा. अंजु थपलियाल, डा.उ मिला राणा आदि मौजूद रहे।

## पीसीएस की मुख्य परीक्षा में गणित की बाध्यता हटाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : बीएड प्रशिक्षित युवा संघ ने उत्तराखंड पीसीएस की मुख्य परीक्षा के सातवें प्रश्न पत्र से गणित की बाध्यता हटाने की मांग की है।

इस संबंध में सिद्धबली मंदिर स्थित पार्क में आयोजित बैठक में प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने कहा कि पीसीएस मुख्य परीक्षा का पाठ्यक्रम किसी एक वर्ग को ही लाभान्वित कर रहा है। मुख्य परीक्षा के प्रश्नपत्र सात में गणित 120 और नीतिशास्त्र 80 अंक का है, जिसमें इंजीनियरिंग और गणित के छात्र ही अधिकांशतः चयनित हो पाते हैं।

गणित विषय से इतर अन्य स्ट्रीम के छात्रों को समान अवसर प्राप्त नहीं हो पाता, जो न्यायोचित नहीं है। अन्य राज्यों की पीसीएस परीक्षा में गणित विषय अनिवार्य प्रश्न पत्र के रूप में सम्मिलित नहीं है तो फिर उत्तराखंड पीसीएस की मुख्य परीक्षा में ही क्यों। उन्होंने कहा कि गणित और रीजनिंग की सामान्य समझ की जितनी अपेक्षा राज्य लोक सेवा आयोग अभ्यर्थियों से करता है, उतनी प्रारंभिक परीक्षा में सीसैट के प्रश्नपत्र के माध्यम से प्रारंभिक परीक्षा में ही पूछ लिया जाता है। अध्यक्षता अजय खंतवाल ने की। बैठक में संजना, शिवानी, रूचि, आइशा, अंजलि, संतोषी, अर्चना, उजिता, सुधाकर रावत, विकास शाह, दीपक डोबरियाल, नवीन गौड़, प्रदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# वन रैंक-वन पेंशन में आ रही विसंगतियों को दूर करने की मांग

### पूर्व सैनिकों ने की राज्य रक्षा मंत्री अजय भट्ट से मुलाकात



हल्द्वानी में राज्य रक्षा मंत्री अजय भट्ट से मुलाकात करते पूर्व सैनिक

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : पेंशन व वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए पूर्व सैनिकों ने राज्य रक्षा मंत्री अजय भट्ट से मुलाकात की। कहा कि सरकार को पूर्व सैनिकों की समस्या के निराकरण को गंभीरता से कार्य करना चाहिए।


पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत व मालिनी गौरव सैनानी व पूर्व अर्द्ध सैन्य बल संगठन के अध्यक्ष कुबेर सिंह जलाल ने राज्य रक्षा मंत्री को पूर्व सैनिकों की समस्या से अवगत करवाया। कहा कि वर्तमान में वन रैंक-वन पेंशन में बहुत विसंगतियां है। इस कारण पूर्व सैनिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सरकार की लापरवाही के कारण पेंशनरों का मनोबल पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। व्यवस्थाओं में सुधार के लिए पूर्व सैनिक व उनके आश्रित लगातार आंदोलन भी चला रहे हैं। बावजूद इसके सरकार अपनी जिम्मेदारी को लेकर लापरवाह बनी हुई है। मुलाकात के दौरान राज्य रक्षामंत्री ने पूर्व सैनिकों की समस्या को केंद्र सरकार के समक्ष रखने का भी आश्वासन दिया। इस मौके पर संगठन के सचिव मदन सिंह नेगी, देवेंद्र सिंह रावत, एलडी जोशी आदि मौजूद रहे।

## अतिक्रमण की जद में आए 32 व्यापारियों को मिली राहत

**पौड़ी** : श्रीनगर रोड पर अतिक्रमण की जद में आए 32 व्यापारियों को नई व्यवस्था होने के बाद ही हटाया जाएगा। जिससे व्यापारियों ने राहत की सांस ली है। पूर्व सीएम एवं सांसद गढ़वाल से मिलने आए व्यापारियों को सांसद ने राहत देते हुए बताया कि डीएम पौड़ी व ईओ नगर पालिका को अतिक्रमण की जद में आए समस्त 32 दुकानदारों की दुकान नई व्यवस्था होने तक यथावत रखने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को नगर पालिका सभागार में भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के तहत व्यापारिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत ने शिरकत की। इस दौरान शहर के व्यापारियों ने पूर्व सीएम के सामने अतिक्रमण की जद में आए व्यापारिक प्रतिष्ठानों को शिफ्ट किए जाने के लिए जगह दिए जाने की मांग की। पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत ने व्यापारियों को बताया कि नई व्यवस्था नहीं होने तक सभी दुकानें यथावत रहेंगी और सभी व्यापारी इन्हीं दुकानों में व्यापारिक गतिविधियां कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार गांव के आखिरी व्यक्ति को ध्यान में रखकर जन कल्याणकारी योजनाएं तैयार कर रही हैं। कोविडकाल में भारत सरकार की सूझबूझ को पूरी दुनिया ने महसूस किया है।

# आसपास के क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त रखें



राजकीय इंटर कॉलेज जगतेश्वर नेहरू युवा केंद्र के सदस्य पौधा रोपते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : नेहरू युवा केन्द्र, पौड़ी गढ़वाल द्वारा विकास क्षेत्र पाबौ के राजकीय इंटर कॉलेज जगतेश्वर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर वृक्षारोपण के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

प्रवक्ता अशोक खण्डूडी ने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करते हुए कहा कि हमें अपने आस-पास के क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त रखने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि पर्यावरण को दूषित करने का यह भी एक कारण है। साथ ही बताया कि प्लास्टिक का कचरा गदेरों नालों आदि से बहता हुआ नदियों में जाता है, जिसका प्रभाव मनुष्य, जलीय-जन्तुओं एवं पेड़-पौधों पर पड़ता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए स्वयं सेवी ज्योति ने युवाओं को पर्यावरण का संदेश देते हुए कहा कि यदि हम अपने पर्यावरण के प्रति सचेत नहीं हुए तो अपनी भावी पीढ़ी को दूषित वातावरण सौगात में देंगे। साथ ही युवाओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलवाई गई। साथ ही क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के संदेश पर युवाओं द्वारा वॉल राईटिंग का कार्य किया गया। कार्यक्रम में बुरांसी, धुलेत, सैंजी, नौठा, जगतेश्वर, चपलोड़ी आदि गांवों के युवा मंडल के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में कनिष्ठ सहायक संतोष सजवाण, प्रयोगशाला सहायक पंकज रावत सहित कन्हैया लाल, विकास रावत, आराधना, हिमांशी, आशुतोष नेगी, रितिक आदि मौजूद थे।

## उत्तम प्रबंधक तो विमल बनें अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : इंटर कॉलेज डांगीधार की प्रबंध समिति के चुनावों को मुख्य शिक्षाधिकारी ने अनुमोदन दे दिया। इस मामले में कोर्ट ने विभाग को कॉलेज में चुनाव कराने के आदेश पारित किए थे। प्रबंध समिति के चुनाव इंटर कॉलेज डांगीधार में किए गए। जिसमें उत्तम सिंह नेगी प्रबंधक चुने गए। इसके साथ ही विमल नेगी को अध्यक्ष, मानवेंद्र सिंह उपाध्यक्ष, बृजमोहन तड़ियाल कोषाध्यक्ष आदि सहित 7 सदस्य भी बनाए गए।

## पेंटिंग में अंशिका, अमन, सूजल, आयुष ने मारी बाजी

**पौड़ी** : ग्रीष्मोत्सव के तहत मंगलवार से विभिन्न प्रतियोगिताएं शुरू हो गई। नगर पालिका डमरू हाल में शतरंज, पेंटिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में अंशिका जैन, अमन, सूजल और आयुष अपने-अपने वर्ग में पहले स्थान पर रहे। मंगलवार को पेंटिंग प्रतियोगिता के प्राथमिक वर्ग में अंशिका जैन ने पहला, जीविका नौटियाल ने दूसरा व समृद्धि रावत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में अमन पहले, सलोनी बिष्ट दूसरे व रितेश तीसरे स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में सूजल बिष्ट, विवेक, धनेशी ने क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। ओपन वर्ग में आयुष ने पहला, अनिरूद्ध रावत ने दूसरा व गौरव ठाकुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रदीप रावत व आशीष नेगी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। वहीं, कंडोलिया मैदान में चल रही फुटबाल प्रतियोगिता में इंडियन इयर फोर्स दिल्ली व कंचनजंगा एफसी, दार्जिलिंग प. बंगाल के बीच मैच खेला गया। जिसमें इंडियन इयर फोर्स व कंचनजंगा एफसी ने एक-एक गोल किए। दोनो टीमों को 1-1 अंक दिए गए।

## प्लास्टिक प्रदूषण सबसे गंभीर पर्यावरणीय समस्या

**श्रीनगर गढ़वाल** : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), उत्तराखंड में प्लास्टिक कचरे के पर्यावरणीय एवं जैविक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए एक विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि एनआईटी के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने कहा आज प्लास्टिक प्रदूषण सबसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय समस्याओं में से एक है जिसका सामना समूचा विश्व कर रहा है। कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए हमें व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर भी प्रयास करने होंगे।

# पूर्व विधायक शर्मा के प्रयासों से अल्मोड़ा विस की चार सड़कों की दशा सुधरेगी

अल्मोड़ा : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अल्मोड़ा के पूर्व विधायक कैलाश शर्मा लगातार विधानसभा की जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत हैं। सूबे के मुख्यमंत्री से लगातार वार्ता कर उनके द्वारा अल्मोड़ा की खस्ताहाल पड़ी सड़कों के सुधारीकरण की स्वीकृति करवा कर धनराशि स्वीकृत करवाई जा रही है। विगत दिनों भी श्री शर्मा के प्रयासों से अल्मोड़ा विधानसभा की चार सडकों के डामरीकरण को मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृति दी गई, जिनमें हवालबाग विकासखंड के अंतर्गत कोसी हवालबाग बसो शीतलखेत मोटर मार्ग, शीतलाखेत कठपुड़िया दौलाघट मोटरमार्ग, एनटीडी कफडखान मोटर मार्ग, चोंसली डोबा मोटर मार्ग, खूंट काकड़ीघाट चान बैंड मोटर मार्ग शामिल हैं। श्री शर्मा ने कहा की जल्द ही इन मोटर मार्गों के



डामरीकरण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इसके साथ ही श्री शर्मा ने बताया कि उनके पूर्व कार्यकाल में विधायक रहते उन्हें जो पपरशेली बल्टा मोटर मार्ग एवम लोधिया चौमू कलसीमा मोटर मार्ग स्वीकृत कराए थे आज वे भी बेहद खस्ताहाल हैं। उन्होंने कहा कि इन मार्गों के डामरीकरण के सम्बन्ध में भी उन्होंने मुख्यमंत्री से वार्ता की है तथा जल्द ही इन सडकों के डामरीकरण का कार्य भी प्रारंभ हो जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि हवालबाग एवं भैंसियाछाना विकासखंड के अंतर्गत भी सडकों के डामरीकरण की मांग उनके द्वारा मुख्यमंत्री से मिलकर की गई है जो कि अभी प्रक्रिया में है तथा मुख्यमंत्री की स्वीकृति के बाद अविलंब ही इन सडकों के डामरीकरण का कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा। जिनमें हवालबाग विकासखंड के टानी तुंगेस्वर मार्ग का सुधारीकरण एवं डामरीकरण, शीतलाखेत स्याही देवी मोटर मार्ग में डामरीकरण, धामस मटेला रावल धार बसर मोटर मार्ग में धामस से मटेला रावल धार तक डामरीकरण, ज्योली दिलकोट महा रुद्रेश्वर खूंट मोटर मार्ग के अवशेष निर्माण कार्य एवम विस्तार शामिल हैं। भैंसियाछाना विकासखंड के अंतर्गत सल्ला भाटकोट से बडुवा टाना तक मोटर मार्ग का निर्माण, सुगना से ग्राम पभया तक मोटर मार्ग निर्माण, सुपईखान से उरिया सुप्योला तक मोटर मार्ग निर्माण, लमगड़ा विकासखंड के कुमनिया नदी में कलसीमा गेराडी के मध्य पैदल झूला पुल निर्माण शामिल है। इसके साथ ही पूर्व विधायक कैलाश शर्मा ने बताया कि रानीधारा सड़क के निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत कर टेंडर कर दिए गए हैं।

## भाजयुमो महा सम्पर्क अभियान चलाएगा : रावत

हल्द्वानी : भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने मंगलवार को भाजपा कुमाऊं सम्भाग कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर आगमी कार्यक्रमों की जानकारी दी। बताया कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजयुमो महा सम्पर्क अभियान चलाएगा।



महासम्पर्क अभियान की रूपरेखा इस कदर बनायी गयी है कि इसके जरिये सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने वाले ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों तक पहुँचा जा सके। रावत ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तराखंड के हर संगठनात्मक जिले में 7 से 10 जून तक नवमतदाता सम्मेलन कर 18 से 25 वर्ष के बीच के युवाओं के लिये मतदाता पंजीकरण शिविर भी आयोजित करेगा जिसमें ह्लमाई नेक्स्ट वोट फ़ॉर मोदीह्व के नारे के साथ पहली बार मतदाता पंजीकरण को बढ़ावा देने का फोकस करेंगे।10 से 20 जून के बीच भाजयुमो की ओर से मंडल स्तर तक बाइक रैली का आयोजन किया जायेगा। युवा मोर्चा लाभार्थी सम्मेलन का भी आयोजन करेगा, जिसमें केंद्र सरकार के 9 वर्ष तक केंद्रीय योजनाओ का लाभ ले रहे लाभार्थियों से संवाद करेगा। बताया कि नागरिकों को सरकार की अच्छाई योजनाओं और नीतियों के बारे में जागरूक रहना बहुत जरूरी है।

# वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया



हल्द्वानी : महिला डिग्री कॉलेज में मंगलवार को वार्षिकोत्सव एवं छात्रासंघ समारोह 'उल्लास की धूम रही। छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कॉलेज प्रशासन की ओर से मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कॉलेज में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए सांसद निधि से 10 लाख रुपये व मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला ने 6 लाख रुपये देने की घोषणा की। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि अजय भट्ट, मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला, विशिष्ट अतिथि भाजपा के प्रांतीय संगठन मंत्री विक्रम सिंह फर्स्वाण, उच्च शिक्षा प्रभारी निदेशक डॉ. सीडी सूंठा, प्राचार्य डॉ. शशि पुरोहित ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर की। छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। प्राचार्य ने 2022-23 की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने कॉलेज की जरूरतों और समस्याओं के बारे में अतिथियों को बताया। (एजेंसी)

## वैश्विक परिवर्तनों के बारे में बताया

हल्द्वानी : यूनिवर्सल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें 'मूलभूत साक्षरता और अंक ज्ञान, 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति और 'शिक्षा के क्षेत्र में जनभागीदारी विषय पर चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि सीबीएसई देहरादून के क्षेत्रीय निदेशक रणबीर सिंह ने सम्मेलन के दौरान अवलोकन करते हुए बच्चों की प्रदर्शनी, वॉल पेंटिंग, कला आदि की सराहना की। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी। 1992 के बाद शिक्षा में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तन और चुनौतियों को सभी के सामने रखा। विद्यालयों में उत्कृष्ट एवं

## चौंसली-कोसी एवं पांडेखोला-चितई एनएच में बाईपास को मंजूर कर शासनादेश जारी करे सरकार : कर्नाटक

अल्मोड़ा :प्रेस को जारी एक बयान में उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग में चौड़ीकरण के नाम पर यदि अल्मोड़ा की जनता के भवनों, दुकानों आदि से खिलवाड़ करने की सोची गई तो न केवल इसका विरोध होगा बल्कि सरकार और संबंधित विभाग के खिलाफ एक बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।



श्री कर्नाटक ने कहा कि वे पूर्व में अनेकों बार ज्ञापनों के माध्यम से और चार बार स्वयं मिलकर केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को इस संबंध में विस्तार से बता भी चुके है तथा केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी के द्वारा उन्हें आश्वासन भी दिया गया है कि अल्मोड़ा में नेशनल हाईवे का विस्तारीकरण शहर से न करके चौंसली कोसी मार्ग से किया जायेगा। साथ ही पांडेखोला, शैल, एनटीडी, चितई आदि क्षेत्रों से जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग भी बाईपास बनाकर शहर से बाहर ही बाहर निकाला जाएगा। इसके बाद भी अभी तक इस संबंध में शासनादेश का जारी ना होना स्पष्ट प्रदर्शित करता है कि संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों पर अफसरशाही हावी है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग यह अच्छी तरह से समझ ले कि किसी भी दशा में नेशनल हाईवे का चौड़ीकरण नगर क्षेत्र से नहीं करने दिया जाएगा तथा अल्मोड़ा की जनता के भवन और प्रतिष्ठानों को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।

कर्नाटक ने कहा कि यदि अविलंब नेशनल हाईवे को चौंसली-कोसी बाईपास तथा पांडेखोला-चितई तक बाईपास में परिवर्तित कर इसका शासनादेश स्वीकृत नहीं किया गया तो वे स्थानीय जनता को साथ लेकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित विभाग एवं सरकार की होगी। (एजेंसी)

## इंडिया टैलेंट फाइट सीजन—2 ग्रैंड फिनाले का खिताब रिधिमा ने जीता

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा की रिधिमा ने प्रतिष्ठित टीवी शो इंडिया टैलेंट फाइट सीजन 2 के डांस मुकाबले में फर्स्ट रनर अप खिताब अपने नाम किया है। इंडिया टैलेंट फाइट सीजन 2 के ग्रैंड फिनाले रिधिमा बिष्ट ने जूनियर ग्रुप में यह खिताब जीता है। रिधिमा ने इस डांस प्रतियोगिता के लिए जनवरी 2021 में ऑनलाइन ऑडिशन दिया था। इसके बाद उसका मेगा ऑडिशन के लिए चयन हुआ जिसका आयोजन उत्तराखंड के देहरादून में हुआ। बिग ऑडिशन क्लियर करने के बाद उनका चयन टीवी स्टूडियो राउंड के लिए हुआ जो कि उत्तराखंड के रुड़की में हुआ जिसका प्रसारण टीवी पर हो चुका है। ग्रैंड फिनाले मुकाबले में जूनियर वर्ग में असम, बरेली, महाराष्ट्र और आगरा से 5 प्रतिभागियों ने अपने डांस के जलवे बिखेरे। इसमें अल्मोड़ा की रिधिमा फर्स्ट रनर अप रही।



गौरतलब है कि अल्मोड़ा की क्लासिक डांसर रिधिमा बिष्ट डांस की कई प्रतियोगिताएं जीत चुकी हैं। अल्मोड़ा के न्यू इंदिरा कॉलोनी निवासी रिधिमा को बचपन से ही डांस में लगाव रहा है। बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ की थीम पर रिधिमा की मां और पिता का उनको जबरदस्त सपोर्ट मिला है। इनके पिता धर्मेंद्र बिष्ट एलआईसी में काम करते हैं जबकि माता गृहिणी हैं। रिधिमा बिष्ट वर्तमान में नीमा आर्या मैम  से डांस की शिक्षा ले रही है। कोरियोग्राफर नीमा आर्या ने रिधिमा बिष्ट को इंडिया टैलेंट फाइट सीजन 2 के ग्रैंड फिनाले के लिए तैयारी कराई। नीमा आर्या बच्चों को नृत्य के लिए प्रेरित कर रही हैं। 11 साल की रिधिमा मिनर्वा रेज चिल्ड्रन अकादमी में पांचवीं की छात्रा है। इंडिया टैलेंट फाइट सीजन 2 के ग्रैंड फिनाले का प्रसारण जल्द ही एमटीवी व एन टीवी पर प्रसारित किया जाएगा। (एजेंसी)

## महिला मोर्चा ने केन्द्र सरकार की योजनाएं बताई

हल्द्वानी : भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने आंगनबाड़ी केन्द्र दमुवाढूंगा में पहुंचकर सरकार की योजनाओं का प्रचार किया। मंडल अध्यक्ष भावना साह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केन्द्र में गर्भवती महिलाओं से बातचीत कर उन्हें सरकार की पोषाहार योजना की जानकारी दी गई। बताया गया कि केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री मातृवन्दन योजना, नंदा गौरा योजना, महालक्ष्मी किट योजनाओं का लाभ महिलाओं तक पहुंच रहा है। जिला उपाध्यक्ष प्रतिभा जोशी ने केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से महिलाओं को अवगत कराया।

## देश भाजपा की दूरदर्शी नीतियों से परेशान

भीमताल : कांग्रेस की जन मिलन यात्रा का मंगलवार को मौना गांव में समापन हो गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने प्रदेश सरकार पर हमला बोला, वहीं पार्टी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। आखिरी दिन यात्रा कस्यालेख, भटेलिया, रामगढ़, गहना और मौना पहुंची। रामगढ़ ब्लॉक के गहना में जनसभा आयोजित की गई। यहां कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि देश, भाजपा की दूरदर्शी नीतियों से परेशान है। केंद्र सरकार अधिकांश सरकारी उपक्रम बेच रही है। चंद लोगों के फायदे के लिए नई नीतियां बनाई जा रही हैं। पूंजीपतियों के करोड़ों के टैक्स माफ किए जा रहे हैं और आम



जनता नए–नए टैक्स की मार झेल रही है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। समाधान करने वाला कोई नहीं है। अंकिता हत्याकांड की निष्पक्षता से जांच न होने से प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। सरकार गड्ढा ऐप जैसे तरीकों से सस्ती वाहवाही लूट रही है। सरकार सिर्फ टैक्स कलेक्शन सेंटर बन गई है।

## घायल पड़े व्यक्ति के लिए देवदूत बनी अल्मोड़ा ट्रैफिक पुलिस

अल्मोड़ा : मंगलवार को टैक्सी स्टेण्ड तिराहा पर ड्यूटी में मौजूद इण्टरसेप्टर प्रभारी अयूब अली को एक बालिका ने सूचना दी कि एक व्यक्ति बेसुध होकर घायल अवस्था में सड़क किनारे गिरा है, जिनके सिर से खून बह रहा है। सूचना पर निरीक्षक यातायात गणेश सिंह हरड़िया व इण्टरसेप्टर प्रभारी अयूब अली द्वारा हमराही कांस्टेबल राजेन्द्र नाथ को साथ लेकर तत्काल मौके पर पहुंचकर मुर्छित घायल व्यक्ति को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा पहुंचाया गया। घायल व्यक्ति वीर सिंह निवासी पाताल देवी अल्मोड़ा के सिर से अत्यधिक खून बह रहा था, चोट गंभीर होने के कारण इमरजेन्सी में चिकित्सकों द्वारा



उपचार किया गया। घायल व्यक्ति के पेंट की जेब में पंद्रह हजार, सात सौ रुपये व एटीएम कार्ड था। उपचार के बाद परिजनों से सम्पर्क कर उनको जानकारी दी गई व टैक्सी चालक आनन्द रावत की सहायता से उनके घर पहुचाया गया तथा धनराशि व एटीएम कार्ड सकुशल उनकी पत्नी के सुपुर्द किए गए। परिजनों ने अल्मोड़ा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। (एजेंसी)

## केन्द्र सरकार के 9 साल सेवा, सुशासन को समर्पित : विकास

हल्द्वानी : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने कहा है कि केन्द्र सरकार का 9 साल का कार्यकाल सुशासन और सेवा को समर्पित रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने रुके बगैर देश के विकास के लिए कार्य किया है। मीडिया को जारी बयान में भगत ने कहा कि मोदी सरकार की सुशासन की नीति के चलते ही देश की दुनिया में नई पहचान बनी है। भारत ने विश्व को कोविड–19 से लड़ने की शक्ति प्रदान करते हुए 220 करोड़ वैक्सीन डोज स्वदेशी तकनीक से तैयार की। लोगों के लिए आवास, शौचालय, हर घर नल, उज्जवला जैसी योजनाएं शुरू कीं। 80 करोड़ लोगों को राशन पहुंचाया जा रहा है।

## डॉ. गुप्ता ने निर्धन कविता के कान के पर्दे का निःशुल्क ऑपरेशन कर मिशाल पेश की

अल्मोड़ा : जिला अस्पताल के ईएनटी सर्जन डॉ. अंकुर गुप्ता द्वारा निर्धन कविता के कान के फटे पर्दे का दूरबीन विधि से निःशुल्क आपरेशन कर एक मिसाल पेश की जिसकी लोगों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

ग्राम झासिया टाना निवासी कविता आर्या जिसे उसके घर वालों द्वारा परित्याग कर दिया और निर्धन हालत में अपना गुजर बसर कर रही है, उसके दोनों कान के परदों में संक्रमण हो गया और एक कान का पर्दा भी फट गया था और वह इस हालत में ऑपरेशन कराने में असमर्थ थी। नगर के रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता किशन गुरूरानी, मनोज सनवाल, अधिवक्ता प्रशांत जोशी द्वारा निवेदन किया कि महिला गरीब है, ऐसे में उसका इलाज निःशुल्क किया जाए। कविता की स्थिति को देखते हुए डॉ. गुप्ता द्वारा कविता को अस्पताल में भर्ती कर दूरबीन विधि द्वारा कविता के दाएं कान का सफल आपरेशन



निःशुल्क किया गया। ऑपरेशन में लगभग 15 हजार रुपए का खर्चा होना था, लेकिन महिला की स्थिति को देखते हुए डॉ. अंकुर गुप्ता द्वारा निःशुल्क उपचार किया गया। कविता के ऑपरेशन के लिए रेड क्रॉस सदस्यों द्वारा वर्तमान सीएमएस डॉ. सिन्हा, डॉ कुसुमलता, नर्सिंग अधिकारी नेहा ऑल्सन, प्रियंका शर्मा, ओटी टेक्निकल गणेश, वार्ड बॉय धर्मेन्द्र एवं स्वच्छक राजेश का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। (एजेंसी)

## शतरंज प्रतियोगिता में शारदा स्कूल रहा प्रथम स्थान पर

अल्मोड़ा : प्लस एपरोच फाउंडेशन द्वारा आयोजित शतरंज प्रतियोगिता मंगलवार को संपन्न हो गई। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में वर्णिका डालाकोटी पहले, वंशिका अधिकारी दूसरे और निधि चौधरी तीसरे स्थान पर रही। अंडर 11 बालिका वर्ग में मैत्रिया पांडेय, अंडर 9 बालिका वर्ग में आरवी बर्थवाल, अंडर 11 बालक वर्ग में जागृत कांडपाल, अंडर 9 वर्ग में प्रांजल जुयाल अव्वल रहे। ओपन कैटेगरी में शारदा पब्लिक स्कूल की वर्णिका भोज ओवरऑल चैंपियन बनी, दूसरे स्थान में आर्मी पब्लिक स्कूल के गौरव रजवार, शारदा पब्लिक स्कूल के सौम्य पटियाल तीसरे स्थान में और करन गोस्वामी चतुर्थ स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में 70 से ज्यादा बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्लस एपरोच फाउंडेशन के मेंटर और गेल इंडिया लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन आशुतोष कर्नाटक ने बच्चों को



पुरस्कृत किया और अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर एडवोकेट शेखर लखचौरा, सतीश, हरीश कनवाल, दीपांकर कार्की, शारदा पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या विनीता लखचौरा, प्रतियोगिता के आयोजक मनोज सनवाल, हर्षवर्धन पांडे, चीफ आर्बिटर मुकेश जोशी, संतोष कुमार, आर्मी पब्लिक स्कूल के स्पोर्ट्स टीचर मौजूद रहे। (एजेंसी)

## उपपा दोहरी नीति का विरोध करेगी

हल्द्वानी : बिंदुखत्ता को राजस्व गांव घोषित किए जाने की मांग को लेकर सात जून को लालकुंआ में होने वाले प्रदर्शन का उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने समर्थन किया है।

केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि जनसुविधाओं कमी के चलते पहाड़ों के हजारों लोग दशकों से बिंदुखत्ता में निवास कर रहे हैं। अब सरकार अतिक्रमण के नाम पर उन्हें हटाने की साजिश कर रही है। इससे पूर्व भी 1993 में कोशिश की गई। जिसे मजबूत संघर्ष के दम पर नाकाम किया गया।

## 57 अभ्यर्थियों को एसएसपी अल्मोड़ा ने नियुक्त पत्र वितरित किए

अल्मोड़ा : उत्तराखण्ड पुलिस आरक्षी जनपदीय पुलिस, आरक्षी पीएसी, आईआरबी तथा फायरमैन की भर्ती परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों का मंगलवार से प्रशिक्षण प्रारम्भ हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड अशोक कुमार द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस में चयनित प्रदेश के समस्त जनपदों के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन गोष्ठी के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचन्द्र राजगुरु द्वारा जनपद अल्मोड़ा से चयनित हुए कुल 57



अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए शुभकामनाएं दी गई। एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा नवनियुक्त आरक्षियों को अनुशासन में रहकर अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं निष्ठा से पालन करने की प्रेरणा देते हुए उत्तराखण्ड पुलिस का नारा मित्रता सेवा सुरक्षा के महत्व को समझाकर अनुसरण करने हेतु प्रेरित किया गया तथा पुलिस प्रशिक्षण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गए। (एजेंसी)

# एसएसपी ने 67 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने जिले के 67 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देते हुए चुनौतियों व जिम्मेदारियों के साथ कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रेरित किया।



उत्तराखण्ड़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आरक्षी जनपदीय पुलिस (पुरुष), पीएसी/आईआरबी (पुरुष) तथा फायरमैन (पुरुष/महिला) की भर्ती परीक्षा में जनपद पौड़ी गढ़वाल से आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में से फिजीकल एवं लिखित परीक्षा में चयनित होने के उपरान्त चिकित्सा/स्वास्थ्य परीक्षण में कुल 90 पुरुष/महिला अभ्यर्थी सफल हुये। जिनमें से 44 जनपदीय पुलिस (पुरुष), 07 (पुरुष) फायरमैन व 16 (महिला) फायरमैन कुल 67 (पुरुष/ महिला) अभ्यर्थियों द्वारा पुलिस लाईन पौड़ी में ज्वाइन किया गया। इस मौके पर एसएसपी श्वेता चौबे ने कहा कि पुलिसकर्मी का जीवन जिम्मेदारियों से भरा व चुनौतिपूर्ण होता है। एक पुलिसकर्मी का समाज में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। जनता को सुरक्षा का भाव प्रदान करते हुए, जनता के दर्द को अपना दर्द समझ कर, समाज में जनता के साथ मधुर व्यवहार रखना, उनके प्रति जिम्मेदारी समझना एक पुलिसकर्मी की विशिष्ट पहचान बनाना ही एक मर्यादित पुलिसकर्मी की पहचान है।

## चिन्यालीसौड़ और डुंडा में लोगों ने जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन

उत्तरकाशी : पुरोला की घटना से गुस्साए व्यापारियों व विभिन्न हिंदू संगठन के लोगों ने मंगलवार को चिन्यालीसौड़ और डुंडा बाजार बंद रखते हुए सड़कों पर उतर कर जुलूस प्रदर्शन किया। साथ ही चिन्यालीसौड़ में तहसीलदार के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजकर बाहरी लोगों पर नकेल कसने की मांग रखी।

मंगलवार सुबह चिन्यालीसौड़ के पांच व्यापार मंडल इकाई के व्यापारियों सहित विभिन्न संगठनों के लोग टैक्सी स्टैंड चिन्याली में एकत्रित हुए।

जहां से जुलूस निकालकर पीपलमंडी बाजार होते हुए श्यामपुर के देवी मंदिर से सुलीठांग होकर तहसील परिसर पहुंचे। इस दौरान सड़कों पर जय श्रीराम के नारों की गूंज भी खूब सुनाई दी।

# सीयूईटी परीक्षा के केंद्र राज्य से बाहर आवंटित होने पर छात्रों ने किया प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि में पीजी कक्षाओं में प्रवेश लेने के लिए एनटीए द्वारा कराई जा रही सीयूईटी प्रवेश परीक्षा के केंद्र राज्य से बाहर बरेली, मेरठ, मुरादाबाद आदि शहरों में आवंटित किए जाने पर छात्रों में गहरा आक्रोश है। विरोध स्वरूप मंगलवार को जय हो एवं डीएसओ छात्र संगठन की ओर से धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जय हो संगठन से जुड़े छात्रों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के विरोध में जमकर नारेबाजी की। कहा यदि जल्द ही श्रीनगर में परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया और छात्रों द्वारा भरे गए परीक्षा केंद्र आवंटित नहीं किए गए तो उन्हें उग्र आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। विवि प्रशासनिक भवन परिसर में धरना प्रदर्शन के दौरान जय हो संगठन के सुधांशु थपलियाल व डीएसओ के मुकेश सेमवाल ने कहा कि बीएड प्रवेश परीक्षा व पीजी के कई छात्रों का प्रवेश परीक्षा केंद्र राज्य से बाहर बरेली, मेरठ, मुरादाबाद आवंटित किए गए हैं। जबकि यहां के छात्रों ने पौड़ी, देहरादून परीक्षा केंद्र भरे थे। कहा छात्रों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में विवि प्रशासन से छात्रों की समस्या का समाधान करने की कई बाद गुहार लगाई गई, बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। मौके पर पहुंचे विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. एमएस नेगी व सीयूईटी परीक्षा के नोडल अधिकारी प्रो. अनिल कुमार नौटियाल ने परीक्षा करा रही एजेंसी एनटीए के अधिकारियों से वार्ता कर छात्रों की समस्या बताई व इसका समाधान करने को कहा। प्रो. नेगी ने बताया कि इस मामले में एनटीए की ओर से विवि को भेजे गए पत्र में समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया है। कहा चौरास परिसर व एनआईटी श्रीनगर में भी परीक्षा संपन्न कराए जाने का प्रस्ताव है। मौके पर जय हो संगठन के सुधांशु थपलियाल, दीपक जोशी, मयंक बिष्ट, सौरभ रावत, राहुल मंमगाई, कौशल, वीरेंद्र बिष्ट, राजमोहन आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# फल पट्टी के रूप में विकसित होगा चित्रा गार्डन

## विवि के नव नियुक्त वित्त अधिकारी श्रीवास्तव ने किया चित्रा गार्डन का भ्रमण

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि की खाली जमीन बुघाणी रोड स्थित चित्रा गार्डन को फल पट्टी के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही फेस-टू का कार्य शुरू किया जाएगा। विवि के नव नियुक्त वित्त अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने चित्रा गार्डन का भ्रमण किया। उन्होंने इसे विकसित किए जाने के लिए किए जा रहे कार्य की सराहना की।वित्त अधिकारी श्रीवास्तव ने कहा कि चित्रा गार्डन को फल पट्टी के रूप में विकसित किए जाने के लिए फेस-टू कार्य में विभिन्न फलों के पौधों का रोपण किया जाए। जिससे इसका लाभ स्थानीय समुदाय को भी मिल सके। मौके पर हैप्रक के वैज्ञानिक डा. विजयकांत पुरोहित एवं इं. एमपी डोभाल ने उन्हें चित्रा गार्डन की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा इससे पहले यह बंजर भूमि अतिक्रमण एवं कूड़े के ढेर में तब्दील थी। जिसके बाद 2020 से इस भूमि पर निरंतर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसके फलस्वरूप आज यहां 3 हजार से अधिक विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष लहलहा रहे हैं। कहा कि विगत तीन वर्षों में कुलपति के निर्देशों पर हैप्रक के वैज्ञानिक एवं विवि के इंजीनियर महेश डोभाल सहित अन्य के प्रयासों से 10 हेक्टयर बंजर भूमि को मिश्रित वन में तब्दील किया जा रहा है। कहा कि शहर के आस-पास इस जंगल के विकसित होने से प्रदूषण की समस्या तो कम होगी ही साथ ही लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन भी मिलेगी। इस मौके पर चित्रा टीम के जयदेव चौहान, जयपाल, बीरू सिंह, हारपाल सहित आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# स्टंटबाजों पर तीसरी आंख से नजर रखेगी पुलिस

## श्रीनगर शहर में लगे 27 सीसीटीवी कैमरे

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर शहर में स्टंटबाजों पर लगाम लगाने व शहर की निगरानी के लिए अलग-अलग स्थानों पर 27 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। जबकि पूर्व से ही शहर में 14 सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। मंगलवार से पुलिस ने नए कैमरे इंस्टॉल किए जाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

श्रीनगर क्षेत्र में लगातार युवक-युवतियों द्वारा स्टंट की खबरों के बीच पुलिस ने ऐसे स्टंटबाजो पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बीते दिवस देर शाम कोतवाली श्रीनगर के एसएसआई संतोष पैथवाल और यातायात पुलिस में उप निरीक्षक नीरज शर्मा ने नैथाणा रेलवे पुल के पास युवक-युवतियों को यातायात नियमों के पूर्ण पालन करने के संबंध में अपील की। उन्हें बताया गया कि स्टंट करने वालों पर पुलिस की पैनी निगाह बनी हुई है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने नौनिहालों को जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है उन्हें स्कूटी और मोटर साइकिल चलाने के लिए ना दें। कहा एमवी एक्ट में ऐसे नाबालिगों के द्वारा वाहन चलाते हुए पकड़े जाने पर अभिभावकों पर भी भारी जुर्माने का प्रावधान है। (एजेंसी)

# बाहरी लोगों का सत्यापन कराए जाने की मांग की

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर भाजपा मंडल ने नजीबाबाद सहित अन्य स्थानों से ट्रकों में रात्रि के वक्त गढ़वाल क्षेत्र में आने वाले बाहरी लोगों का सत्यापन कराए जाने की मांग की है। इस संदर्भ में उन्हें उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी पौड़ी को ज्ञापन भेजा है। कहा कि बाहरी लोग हर दिन सब्जियों व अन्य सामानों के ट्रकों में बैठकर यहां पहुंचते है। कहा ऐसे लोगों का जल्द प्रशासन को सत्यापन कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन से जो लोग बाहर से यहां लोगों को ला रहे हैं, उनकी भी जांच पड़ताल की जाए।

भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र धिरवाण ने कहा कि गढ़वाल क्षेत्र में आये दिन बाहरी व्यक्तियों द्वारा कई प्रकार के कृत एवं घटनाएं की जा रही है, इसको देखते हुए जल्द बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पौड़ी जिला मुख्यालय और श्रीनगर से होकर ही अत्यधिक लोग पहुंच रहे है। जो बिना सत्यापन कराये यहां पहुंच रहे हैं। उन्होंने कोतवाली निरीक्षक को भी ज्ञापन देकर तेज रफ्तार से चलने वाले मोटर साइकिल चालकों एवं नशे के बढ़ते चलन पर रोक लगाने की मांग की। कहा कि शहर में तेज रफ्तार एवं बाइकों पर तरह तरह की आवाज वाले स्पीकर लगाकर युवा चल रहे है, जो ध्वनि प्रदूषण बढ़ा रहे हैं साथ ही तेज रफ्तार चलने से राहगीरों को चोटिल कर रहे हैं। (एजेंसी)

## शातिर ठग ने वाहन चालक से ठगे 70 हजार

नई टिहरी : ऋषिकेश से पौड़ी के लिये वाहन बुक कराकर रास्ते में शातिर ठग ने चालाकी से गूगल पे की जानकारी जुटाकर वाहन चालक की आंखों में मिर्ची झोंककर चालक के खाते से गूगल पे के माध्यम से 70 हजार रूपये उड़ा दिए और चालक का फोन लेकर फरार हो गया। देवप्रयाग तहसील के थाना बाह बाजार प्रभारी सुनील पंवार ने बताया कि रविवार रात दस बजे एक युवक ने ऋषिकेश से यह कहकर वाहन बुक करवाया कि उसके पिताजी एम्स में भर्ती हैं

# पूर्व मण्डलीय मंत्री ने शिक्षकों की समस्याओं को उठाया

जखोली : राजकीय शिक्षक संघ का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन जीआईसी अल्मोड़ा में संपन्न होगा, जिसमें शिक्षक छात्र-छात्राओं के शैक्षिक स्तर में सुधार के साथ साथ शिक्षक हितों के संरक्षण और तमाम समस्याओं के समाधान के लिए अपने प्रतिनिधियों का निर्वाचन भी करेंगे। शिक्षक संघ के पूर्व मण्डलीय मंत्री शिव सिंह नेगी ने शिक्षकों की समस्याओं को उजागर करते हुए कहा है कि शिक्षकों की पदोन्नति, पुरानी पेंशन बहाली, स्थानान्तरण, अंतरमंडलीय स्थानान्तरण, अटल उत्कृष्ट से संबंधित प्रकरण, तदर्थ शिक्षकों का चयन/प्रोन्नत वेतनमान विसंगति, वेतन विसंगति, समायोजित शिक्षकों की विसंगति, द्वितीय वर्ष में सीसीएल प्रकरणों पर वेतन कटौती, यात्रावकाश आदि समस्याओं का निस्तारण न होने से शिक्षकों के बीच आक्रोश ओर निराशा का माहौल व्याप्त है। आगामी 6 और 7 जुलाई को होने वाले अधिवेशन में भाग लेने वाले शिक्षक जहां छात्र-छात्राओं के बेहतर शैक्षिक गुणवत्ता विषय पर चर्चा परिचर्चा करेंगे। वहीं अधिवेशन के दूसरे दिन शिक्षक अपने समस्याओं के समाधान के लिए प्रांतीय नेतृत्व का चुनाव भी करेंगे। जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, संघटन मंत्री आदि पदों के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया सम्पन्न होगी। जिसे लेकर शिक्षक शोसियल मीडिया, प्रिंट मीडिया सहित तमाम तरह तरीकों से अपने अपने बात आम शिक्षकों के बीच साझा करने में लगे हैं। हाल ही में अधिवेशन की तिथि घोषित होने के बाद प्रांतीय महामंत्री पद पर आनलाइन प्री पोल सर्वेक्षण प्रत्याशियों के बीच कराया गया, जिसमें शिव सिंह नेगी को सबसे अधिक 52 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। वहीं मत प्रतिशत के हिसाब से डा. अंकित जोशी दूसरे, रमेश पैन्यूली तीसरे,बलवन्त सिंह नेगी और एकता रस्तोगी को चौथे स्थान पर दिखे। कुल मिलाकर कर शोसियल मीडिया के प्री पोल सर्वेक्षण की माने तो शिव सिंह नेगी ने इसमें अपने प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त बनाने में कामयाबी हासिल कर ली है, वैसे इन परिणामों का शिक्षक संघ के चुनाव परिणाम से कोई ताल्लुक नहीं है, फिर भी मनोवैज्ञानिक रूप से शिव सिंह नेगी ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त बनाने का काम किया है। सांगठनिक क्षमता के तौर तरीकों की बात भी कई शिक्षक प्रत्याशी शिक्षकों के बीच रख रहे हैं। जिसमें महामंत्री पद की दावेदारी कर रहे शिव सिंह नेगी का दावा है कि वे ढाई दशकों से ब्लॉक, जनपद, मंडल स्तर पर शिक्षकों के हितों की सुरक्षा के लिए आंदोलन, शासन और सरकार से वार्ता, धरना, प्रदर्शन, तालाबंदी और आमरण अनशन जैसे कार्यक्रमों में निस्वार्थ भाव से प्रतिभाग करते आ रहे हैं। उनका कहना है कि विगत छः वर्षों में वे पदाधिकारी न होते हुए भी शिक्षकों के ज्वलंत मुद्दों के समाधान हेतु सदैव संघर्षरत रहे हैं। उनका यह भी कहना है कि इस सांगठनिक यात्रा में विभागीय अधिकारियों, शासन में तैनात अधिकारियों और मुख्यमंत्री, मंत्रीगणों के साथ वार्ता आदि के फलस्वरूप प्राप्त अनुभव का विभिन्न प्रकरणों को हल करने हेतु वे सदुपयोग करना व अपना नैतिक दायित्व समझते हुए शिक्षकों व शिक्षिकाओं को आश्वस्त कर रहे हैं कि कभी भी सांगठनिक एकता का दुरुपयोग अपने निजी हितों की पूर्ति के लिए न करने के बजाय वे संगठन हित में करेंगे। अन्य प्रत्याशियों से संपर्क कर उनकी प्राथमिकताओं को सार्वजनिक किया जायेगा। (एजेंसी)



## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मांगा ग्रीष्मकालीन

नई टिहरी : सरकार की ओर से जारी शासनादेश के मुताबिक चंबा ब्लॉक की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संगठन ने डीएम को पत्र भेजकर उनका दस दिन का ग्रीष्मकालीन अवकाश स्वीकृत करने की मांग की है।

संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पा सजवाण ने कहा कि आजकल सरकारी विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है, लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ड्यूटी पर तैनात है।

## 11 जून को 4194 परीक्षार्थी देगें वन दरोगा भर्ती परीक्षा

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : अधीनस्थ सेवा चयन आयोग कर 11 जून को अयोजित होने वालर वन दरोगा भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी पौड़ी डॉ. अशीष चौहान ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। पौड़ी जिले में परीक्षा के लिए 15 परीक्षा केंद्र बनाएं गए है, इनमें 4194 परीक्षार्थी शमिल होंगे।

मंगलवार को आयोजित इस बैठक में परीक्षा को संपनन्न कराने के लिए आयोग के जो भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं, उनका अक्षरशः पालन करने के निर्देश संबंधित अफसरों को जिलाधिकारी ने दिए। परीक्षा केंद्रों के आस-पास 100 मीटर की परिधि में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अफसरों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि वन दरोगा की परीक्षा के लिए पौड़ी में 6, जबकि श्रीनगर में 9 केंद्र बनाएं गए है। बैठक में उपजिलाधिकारी पौड़ी मुक्ता मिश्र, मुख्य शिक्षाधिकारी डॉ. आनन्द भारद्वाज, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चंद्र के साथ ही आयोग के सदस्य व पुलिस अफसर भी मौजूद रहे।

# 45 पुलिस आरक्षियों को एसएसपी ने दिए नियुक्ति पत्र

नई टिहरी : पुलिस आरक्षी के पदों पर सफल 45 अभ्यर्थियों को एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने नियुक्ति पत्र देकर उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनायें देते हुए अपने सेवा को प्रति समर्पित रहने की अपील की। इस मौके पर एसएसपी ने कहा कि 9 माह के प्रशिक्षण के बाद आरक्षियों की नियुक्तियां होने से थानों में स्टाफ की कमी पूरी होगी।



पुलिस कामों में तेजी आयेगी। नियुक्ति मिलने पर सभी 45 आरक्षियों के चेहरों पर खुशी देखी गई। एसएसपी ने सफल अभ्यर्थियों का पुलिस विभाग में स्वागत करते हुए बताया कि सभी सफल अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम 10 दिवस का सामान्य प्रशिक्षण जीटीसी कोर्स कराया जायेगा। जिसमें जवानों को 9 माह के प्रशिक्षण के लिए तैयार किया जायेगा। 9 माह के प्रशिक्षण के दौरान सभी को शारिरिक एवं कानूनी ज्ञान के साथ-साथ साइबर अपराधों के सम्बन्ध में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा सभी को पूर्ण मनोयोग एवं अनुशासन के साथ प्रशिक्षण करने हेतु कहा गया। मौके पर एएसपी विजेन्द्र दत्त डोभाल, सीओ अस्मिता ममगाई मौजूद रहे। (एजेंसी)

# एनएचएम कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

नई टिहरी : एनएचएम संविदा कर्मचारी ने सात लंबित मांगों के निराकरण को लेकर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताया। कर्मचारियों ने जल्द मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

मंगलवार को सात सूत्रीय मांगों को लेकर टिहरी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारियों ने हाथ की बांह पर काली पट्टी बांध कर अपना विरोध दर्ज करवाया। कर्मचारियों ने प्रत्येक माह की पांच तारीख तक वेतन दिये जाने,सभी कर्मचारियों को हेल्थ इंश्योरेंस का लाभ देने, एनएचएम कर्मचारी के मृत्यु की दशा में उसके परिवार को आर्थिक मद्द के साथ परिवार के सदस्य को अनुकंपा के आधार पर किसी भी विभाग में नियुक्ति देने, सीएम की घोषणा के अनुरुप कोविड में सरहानीय कार्य करने वाले कर्मचारी को दस हजार प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की मांग की है। साथ ही वर्ष 2022 में हड़ताल के दौरान हरिद्वार से हटाई गई स्टाफ नर्सेज की पुर्न बहाली, रुद्रप्रयाग जिले में टीएंडएम कंपनी के माध्यम से कार्यरत 11 एएनएमों का सेवा विस्तार किये जाने की मांग की है।

# डीएम व प्रशासनिक अधिकारियों ने किया स्वास्थ्य इकाइयों का रात्रि में औचक निरीक्षण

रुद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित सहित अपर जिलाधिकारी व सभी उप जिलाधिकारियों ने सोमवार रात्रि 9 बजे विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा मरीजों को उपलब्ध हो रही सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।



जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सोमवार रात्रि को जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग का औचक निरीक्षण करते हुए भर्ती मरीजों की देखभाल हेतु तैनात चिकित्सकों, स्टाफ नर्स आदि सहित रोगियों को मिलने वाली स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिलकर समस्याएं सुनीं। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, गायनी नर्सिंग कक्ष व अन्य वार्डों में जाकर व्यवस्थाओं को देखा। चिकित्सालय के बाहर रखे गए डस्टबिन में कूड़ा–करकट, दवाइयों के रैपर, ग्लब्स, उपयोग किए गए इंजेक्शन आदि भरे होने पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को रात्रि में साफ–सफाई रखने के साथ ही कूड़े का समय से उचित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा जिलाधिकारी ने अनुपस्थित चिकित्सक व स्टाफ के स्पष्टीकरण हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कार्डियक केयर सेंटर का भी निरीक्षण किया जहां नर्सिंग अधिकारी ने उन्हें अवगत कराया कि वार्ड में कुल 4 मरीज भर्ती हैं जिन्हें आवश्यकता के अनुसार दवाइयां व अन्य मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में कार्यरत सभी चिकित्सकों व अन्य मेडिकल स्टाफ की शत–प्रतिशत उपस्थिति बायोमेट्रिक से करने के निर्देश देते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को माह मई, 2023 से निरीक्षण की तिथि तक की उपस्थिति उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही वेतन आहरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के मुख्य गेट पर स्थित डिस्प्ले बोर्ड में चिकित्सालय में रात्रि में तैनात चिकित्सक व अन्य मेडिकल स्टाफ का मोबाइल नंबर सहित नाम अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए ताकि इमरजेंसी में अस्पताल आने वाले मरीजों को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े। वहीं अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी ने सोमवार रात्रि को कोटेश्वर स्थित माधवाश्रम चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां पर भर्ती मरीजों का हालचाल पूछा। यहां पर 9 मरीज आईपीडी में भर्ती थे जिनमें 2 मरीज पथरी ऑपरेशन के जबकि 7 मरीज हड्डी रोग से संबंधित थे। मरीजों ने अपर जिलाधिकारी को अवगत कराया कि उन्हें नियमित रूप से भोजन दिया जा रहा है। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग अपर्णा ढौंडियाल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान यहां पर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। जिसमें ऑक्सीजन व आपातकालीन दवाएं उपलब्ध मिली। साथ ही चिकित्सक, नर्स व वार्ड ब्वॉय सहित एंबुलेंस व चालक भी उपस्थित मिले। बताया कि यहां ऑपरेशन हेतु एक मरीज भर्ती हुआ है। उन्होंने यहां तैनात चिकित्सकों को रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखोली का सोमवार रात्रि में निरीक्षण करते हुए उप जिलाधिकारी जखोली परमानंद राम ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक औषधियों की जानकारी ली गई।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम भूलवश रियान लखेड़ा दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पुत्र का सही व सत्य नाम प्रियांश लखेड़ा (PRIYANSH LAKHERA) है। अतः मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही व सत्य नाम प्रियांश लखेड़ा (PRIYANSH LAKHERA) दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय।

**पंकज कुमार लखेड़ा पुत्र स्व. रमेश चन्द्र लखेड़ा निवासी कलीगाड मल्ला, तहसील लैन्सडाउन, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र उसका नाम रिसिका नेगी (RISHI-KA NEGI) भूलवश दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम राहिनी नेगी (RAHI-NI NEGI) है। अतः मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही व वास्तविक नाम राहिनी नेगी (RAHI-NI NEGI) दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय।

**राकेश सिंह पुत्र श्री सतेन्द्र सिंह नेगी निवासी ग्राम पदमपुर, पट्टी मोटाढाक, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.**

ई–निविदा विस्तार सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमंत्रित ई–निविदा सं. 02/EDDK/23–24 के निविदा ... 13.06.2023 को 16.00 बजे तक ... 14.06.2023 को 11.00 बजे ... 14.06.2023 एवं समय 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्तें पूर्ववत् हैं।

पत्रांक: 1556/वि...–6 दिनांक: 06.06.2023 अधिशासी अभियन्ता

... www.upcl.org ...

सम्पादकीय

# उत्तराखंड में सुरक्षित नहीं बाघ

उत्तराखंड का पहाड़ी क्षेत्र जंगली जानवरों के आतंक से जूझता हुआ आया है तो वही इन विलुप्त होने वाले प्राणियों के लिए एक प्राकृतिक सुलभ स्थल भी माना जाता है। आए दिन उत्तराखंड में बाघ या बाघ की प्रजाति के जानवरों द्वारा हिंसक घटनाओं के समाचार मिलते हैं, लेकिन बावजूद इसके उत्तराखंड के लोगों ने इनके साथ जीना सीख लिया है।बावजूद इसके उत्तराखंड के ग्रामीणों ने कभी भी बाघों को मारने का प्रयास नहीं किया यह अलग बात है कि इन जानवरों के आदमखोर बनने के बाद इन्हें ठिकाने लगाने की मांग जरूर उठाई। इधर चिंताजनक आंकड़े उत्तराखंड को लेकर सामने आए हैं जिसमें प्रदेश में पांच महीने में 13 बाघ–बाघिनों की मौतें दर्ज की गई है। निश्चित तौर पर बाघों की कम होती संख्या को देखते हुए बाघों की मौत का यह आंकड़ा बेहद चिंताजनक है। एक तरफ विश्व स्तर पर बाघों और उसकी प्रजाति को बचाने के लिए तमाम देश प्रयासरत हैं तो वही उत्तराखंड में एक ही साल में बड़ी तादाद में बाघों का मरना उत्तराखंड में वन्य जीवों की सुरक्षा पर सवाल खड़े करता है। आंकड़े बताते हैं कि सबसे अधिक मोटे कुमाऊंके सेंट्रल तराई क्षेत्र में हुई हैं। मात्र 5 महीने में 13 बाघों की मौत ने सवाल तो खड़े किए ही हैं साथ ही यह भी एक बड़ा प्रश्न बनकर उभरा है की क्या उत्तराखंड के जंगल वन तस्करों से सुरक्षित हैं? हालांकि आंकड़ों में बाघों के मरने के अलग–अलग कारण बताए गए हैं जिनमें सबसे अधिक मौतें दुर्घटनाओं के तौर पर दर्शाई गई है। देशभर में इस साल बीते पांच महीने में कुल 76 बाघों की मौत हुई है। इनमें 12 बाघ केवल उत्तराखंड में मारे गए। बीते दो जून को भी कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में एक बाघ का शव मिला था। यानी कि अकेले उत्तराखंड में ही 13 बाघों  जान जा चुकी है। एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाघों एवं उसकी प्रजाति के अन्य जानवरों के संरक्षण को लेकर व्यक्तिगत तौर पर रुचि लेते हैं वहीं उत्तराखंड में बाघों की मौतों के बाद राज्य के मुख्यमंत्री मैं अब इस दिशा में जांच कराने की बात करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। इसी वर्ष प्रधानमंत्री ने भारत में बाघों की 2022 में संख्या के आंकड़े पेश किए थे जिसके तहत पिछले चार वर्षों से बाघों की संख्या में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाई गई थी, जबकि देशभर में बाघों की संख्या करीब 3167 बताई गई। वर्ष 2018 की गणना के अनुसार उत्तराखंड में बाघों की संख्या 442 है। एक तरफ जहां बाघों के आतंक में जीवन यापन करने वाले उत्तराखंड के लोग बावजूद इसके बाघों के संरक्षण के पक्षधर हैं तो वही उत्तराखंड में बाघों की मौतों की बड़ी संख्या वन विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती है। उत्तराखंड के पहाड़ हमेशा से ही बाघ प्रजाति के लिए पसंदीदा स्थान रहे हैं एवं सुरक्षित भी लेकिन अब जिस प्रकार से इनका खात्मा हो रहा है उससे वह दिन भी अब दूर नहीं जब उत्तराखंड में बाघ गुलदार या तेंदुए की उपस्थिति मात्र किस्से कहानियों में ही रह जाएगी।

# मोदी को वोट के मूड का आधार क्या?

**अजीत द्विवेदी**

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर कई तरह के सर्वेक्षण हुए, जिनसे मोदी सरकार की लोकप्रियता बरकरार रहने का निष्कर्ष जाहिर हुआ। यह भी बताया गया कि प्रधानमंत्री के लिए मोदी सबसे ज्यादा लोगों की पसंद हैं और अगर आज चुनाव हो तो उनको पिछली बार से कुछ ज्यादा वोट मिलेंगे। ध्यान रहे मोदी का लगातार दूसरा कार्यकाल पूरा होने वाला है। उससे पहले यदि देश में यह राय है तो यह सरकार की बड़ी सफलता है। हालांकि इन सर्वेक्षणों की गुणवत्ता और वस्तुनिष्ठता को लेकर उठने वाले सवाल अपनी जगह हैं। यह भी सही है कि इससे देश के 90 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं की पसंद जाहिर नहीं होती है इसके बावजूद इनसे देश के लोगों के मूड और उनके रूझान का पता चलता है।

निजी तौर पर मोदी की और उनकी सरकार की लोकप्रियता का डंका बजाने वाले इन सर्वेक्षणों से कुछ और बातें जाहिर हुई हैं। जैसे जनता महंगाई से त्रस्त है। बेरोजगारी की चिंता में है। गरीबी बढने से परेशान है। भ्रष्टाचार को एक बड़ी समस्या मानती है। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मुश्किल में है। देश की सबसे भरोसेमंद एजेंसियों में से एक सीएसडीएस के सर्वेक्षण के मुताबिक 57 फीसदी लोग महंगाई से परेशान हैं। सर्वेक्षण में शामिल 45 फीसदी लोगों ने माना की भ्रष्टाचार रोकने के मामले में सरकार ने बुरा काम किया है। इसके अलावा आठ फीसदी ने माना की इस मामले में सरकार का काम औसत है। इसका मतलब है कि भ्रष्टाचार पर 53 फीसदी लोग सरकार के काम से संतुष्ट नहीं हैं। किसानों के लिए 39 फीसदी ने सरकार के कामकाज को अच्छा माना है और 46 फीसदी ने खराब माना है। जब यह सवाल पूछा गया कि देश के सामने सबसे बड़ी समस्या क्या है तो 29 फीसदी के सबसे बड़े समूह ने बेरोजगारी को सबसे बड़ी समस्या बताया।

तभी सवाल है कि जब महंगाई, भ्रष्टाचार और गरीबी देश की बड़ी समस्या बनी हुई है तो इन्हें खत्म करने के नाम पर बनी सरकार को फिर से वोट डालने का आधार क्या है? किस आधार पर पहले से दो फीसदी ज्यादा लोगों ने उसी सरकार को वोट करने का रूझान जाहिर किया, जिसने सबसे कोर मुद्दों पर लोगों को निराश किया है? जिस सरकार में लोग महंगाई कम होने, भ्रष्टाचार समाप्त होने, गरीबी दूर होने और अच्छे दिन आने की उम्मीद लगाए हुए थे उस सरकार में अगर महंगाई, गरीबी और भ्रष्टाचार बढ़ा है तो लोगों को इस मुद्दे पर सरकार को सजा देनी चाहिए या समर्थन करना चाहिए? हैरानी की बात है कि सभी अहम मसलों पर सफल नहीं होने के बावजूद कोई राजनीतिक कीमत भाजपा की मौजूदा सरकार को नहीं चुकानी पड़ी है। और कम से कम सर्वेक्षणों में जो दिख रहा है उससे लग रहा है कि आगे भी इसकी कोई कीमत नहीं चुकानी पड़ेगी। हां, राज्यों में जरूर भाजपा कुछ जगह हारी है लेकिन उसके कारण अलग अलग रहे हैं और लगभग पूरी तरह से स्थानीय हैं। कहीं से ऐसा जाहिर नहीं हुआ है कि लोग भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से नाराज हैं। उलटे नरेंद्र मोदी का चेहरा प्रदेशों के चुनाव में भी भाजपा का वोट सुरक्षित रखने में मदद करता है या उसे बढ़ाता है।

ऐसा होने के कई कारण हैं, जिनमें से एक कारण हाल में हुए सर्वेक्षणों से भी जाहिर हुआ है। तमाम अहम मसलों पर केंद्र



सरकार की विफलता या आंशिक सफलता की राय जाहिर करने वाली जनता भी यह मान रही है कि देश में विकास हुआ है। इस पर बहस हो सकती है लेकिन इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि यह धारणा देश में बनी है। तटस्थता का दावा करने वाले कई स्तंभकारों ने भी सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर जो लिखा उसमें कहा कि उन्होंने अपने जीवन में बुनियादी ढांचे का इतना तेज विकास नहीं देखा। प्रचार, भाषण और लेखों के जरिए विकास होने का नैरेटिव बनाया गया है। सीएसडीएस के सर्वेक्षण में भी दिखा कि 47 फीसदी लोगों ने माना की बहुत अच्छा विकास हुआ है और आठ फीसदी ने औसत विकास होने की बात कही।

यानी 55 फीसदी लोग विकास के मामले में संतुष्ट हैं। विकास का नैरेटिव बनाने के साथ ही दो और चीजें इससे जोड़ी गई हैं। पहली कि अब तक आजादी के बाद कोई विकास नहीं हुआ था। दूसरी कि भारत के विकास से दुनिया भर में जो भारत के दुश्मन हैं वे परेशान हैं और भारत के खिलाफ माहौल बना रहे हैं और विपक्ष उनके साथ जुड़ा हुआ है। सो, पहला कारण तो यह है कि विकास की धारणा और उसके साथ जुड़ा नैरेटिव बाकी कमियों को ढक देता है।

लोग भ्रष्टाचार, गरीबी और बेरोजगारी से चिंतित हैं लेकिन यह उनके वोट डालने का आधार नहीं है तो उसका एक कारण राष्ट्रीय सुरक्षा, राष्ट्रवाद और नरेंद्र मोदी का मजबूत नेतृत्व है। पिछले नौ साल में अलग अलग तरीकों के इस्तेमाल से मोदी की छवि मजबूत और निर्णायक नेता की बनी है। उनके 56 इंची छाती के जुमले का चाहे जितना मजाक उड़ाएं, लेकिन लोगों के मन में यह बात बैठी है कि वे एक मजबूत नेता हैं और देशहित में फैसले करते हैं। अनुच्छेद 370 समाप्त करना इसकी सबसे बड़ी मिसाल है।

अपनी सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर प्रधानमंत्री ने अपने भाषण से भी इस धारणा को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि नौ साल के अपने कार्यकाल में उनका एक एक फैसला देश और इसके नागरिकों के हित में हुआ है। इसके आगे उन्होंने कहा नहीं लेकिन कहने का आशय यह था कि हो सकता है कि कुछ फैसले गलत हुए हों लेकिन उनकी मंशा गलत नहीं थी। यही कारण है कि कई मामलों में सरकार की विफलता मोदी के नेतृत्व के ऊपर नहीं चिपकती है और लोग उनको सजा देने के बारे में नहीं सोचते हैं।

**लोग भ्रष्टाचार, गरीबी और बेरोजगारी से चिंतित हैं लेकिन यह उनके वोट डालने का आधार नहीं है तो उसका एक कारण राष्ट्रीय सुरक्षा, राष्ट्रवाद और नरेंद्र मोदी का मजबूत नेतृत्व है। पिछले नौ साल में अलग अलग तरीकों के इस्तेमाल से मोदी की छवि मजबूत और निर्णायक नेता की बनी है। उनके 56 इंची छाती के जुमले का चाहे जितना मजाक उड़ाएं, लेकिन लोगों के मन में यह बात बैठी है कि वे एक मजबूत नेता हैं और देशहित में फैसले करते हैं। अनुच्छेद 370 समाप्त करना इसकी सबसे बड़ी मिसाल है।**
**अपनी सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर प्रधानमंत्री ने अपने भाषण से भी इस धारणा को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि नौ साल के अपने कार्यकाल में उनका एक एक फैसला देश और इसके नागरिकों के हित में हुआ है।**

मजबूत नेतृत्व के साथ साथ अपने नेतृत्व और व्यक्तित्व को उन्होंने देश की पहचान से जोड़ दिया है। प्रचार, भाषणों और एक खास समूह के विद्वानों के लेखों के सहारे काफी हद तक यह स्थापित करने की सफल कोशिश हुई है कि मोदी ही देश हैं। उनकी आलोचना करने का मतलब है देश की आलोचना करना। पिछले दिनों लंदन में राहुल गांधी के दिए एक भाषण का हवाला देते हुए भाजपा के कई नेताओं ने कहा कि राहुल ने लंदन में मोदी का अपमान करके देश का अपमान किया है। इसी आधार पर राहुल के खिलाफ मुकदमा भी हुआ है। समझदार आदमी के लिए इस तरह की बातें हास्यास्पद हो सकती हैं लेकिन देश के करोड़ों लोग इस नैरेटिव पर यकीन करते हैं और मानते हैं कि मोदी विरोधी विपक्ष देश विरोधी हो गया है। करोड़ों लोगों के बीच यह धारणा बनी है कि मोदी देश के लिए काम कर रहे हैं और विपक्ष मोदी के विरोध में।

राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृत्व के अलावा जो तीसरा महत्वपूर्ण मुद्दा है वह धर्म का है। हालांकि इसमें भी मोदी सरकार ने नया कुछ नहीं किया है, हिंदू और मुसलमान के बीच की सदियों से बनी जो फॉल्टलाइन है उसको बड़ा कर दिया है। यह काम बहुत बारीकी से किया गया है। पहले यह काम बहुत आक्रमक और हिंसक तरीके से होता था। खुद नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री रहते गुजरात में जो दंगे हुए थे वह इसकी मिसाल हैं। लेकिन ऐसा लग रहा है कि उन्होंने और भाजपा व दूसरी हिंदुवादी ताकतों ने भी उससे सबक लिया है। पिछले नौ साल से केंद्र में भाजपा की सरकार है और कहीं भी कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ है।

हालांकि इसका यह मतलब नहीं है कि हिंदू और मुस्लिम में सद्भाव बढ़ा है। इसका उलटा हुआ है। दंगा नहीं होने के बावजूद पूरा देश अंदर अंदर उबलता रहा है, जैसे कढ़ाही में कोई चीज कम आंच पर धीरे धीरे पक रही हो। इस निरंतर प्रक्रिया का असर यह हुआ कि बहुसंख्यक हिंदू समाज धीरे धीरे कंसोलिडेट होता गया। वह कम भले नहीं रहा हो लेकिन मान रहा है कि सदियों की गलतियां यह सरकार सुधार रही है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और देश के दूसरे धर्मस्थलों का पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण कंसोलिडेशन की प्रक्रिया में मददगार हैं।

# रेल की पटरी पर मौत दौड़ती आई

**अजय दीक्षित**

रात का वक्त और बेंगलुरु से हावड़ा जा रही यशवंतपुर हावड़ा ट्रेन के डिब्बे उतरकर दूसरे ट्रैक पर गिरे । इसी दौरान दूसरी ओर से शालीमार चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस, दूसरे ट्रैक में गिरे हुए डिब्बों से टकराई 21वीं सदी का यह सबसे भयानक एक्सीडेंट था। यात्री ट्रेन का इंजन और कुछ डिब्बे बगल में खड़ी मालगाड़ी की बोगियों से टकराए। एक साथ तीन ट्रेनों के एक्सीडेंट के कारण दोनों यात्री ट्रेनों में हजारों की संख्या में यात्री सवार थे। वह बुरी तरह घायल हो गए। इस एक्सीडेंट में जो यात्री घायल हुए हैं, उनमें कई यात्रियों के हाथ पैर कट गए। सैकड़ों यात्री लापता बताए जा रहे हैं। दोनों ट्रेन की दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी। बचाव कार्य करने जो दल गया, उसे काफी मेहनत करना पड़ी। देर रात तक लगातार बचाव कार्य चल रहा था। मृतकों और घायलों की सही संख्या की जानकारी रेलवे प्रशासन नहीं दे पाया। ट्रेन के डिब्बे कैसे दूसरे ट्रैक में जाकर गिर गए। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है, कि रेलवे द्वारा ट्रेन संचालन में किस हद तक की लापरवाही बरती जा

रही है। इस सबके बीच सबसे बड़ा सवाल यह सामने आ रहा है, जिस तरह ट्रेनों की गति बढ़ाई जा रही है। उस को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने में रेलवे घोर लापरवाही बरत रहा है। जिसके कारण लगातार रेल हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है। 9 साल में 8 बड़े ट्रेन हादसे हुए हैं। जिनमें अधिकृत रूप से 400 से अधिक यात्रियों की मौत हुई है। 20 नवंबर 2016 को इंदौर राजेंद्र नगर ट्रेन हादसे में 152 से ज्यादा यात्रियों की मौत हुई थी। यह शुरुआती आंकड़े हैं, घटना के बाद बताए जाते हैं। घायलों और मृतकों की संख्या उससे कई गुना ज्यादा होती है। आए दिन ट्रेन हादसे बढ़ रहे हैं। इसमें कर्मचारियों और अधिकारियों की लापरवाही के साथ– साथ, टेक्नोलॉजी पर ज्यादा भरोसा करने के कारण, अनदेखी की जा रही है। उसके कारण रेलवे का सफर जोखिम भरा होता जा रहा है। बालासोर में हुआ ट्रेन हादसा इसलिए भी भयानक है, कि एक ही स्थान पर तीन ट्रेनों का एक्सीडेंट हुआ। इसमें 2 यात्री ट्रेन थी। इसके कई कोच चलती ट्रेन से टूटकर दूसरे ट्रैक पर गिरे। किसी भी दूसरे ट्रैक से आ रही गाड़ी भी दुर्घटनाग्रस्त हुई। दोनों ट्रेनों के कोच बुरी तरह से तबाह हुये। शाम को हुई दो ट्रेनों की भयानक दुर्घटना के बचाव कार्य में काफी विलंब हुआ। यात्री घंटों रोते बिलखते तड़पते रहे। रेल प्रशासन और स्थानीय प्रशासन के बीच में समन्वय नहीं होने के कारण विलंब हुआ। कई घायलों की इलाज 1 मिलने के पहले ही मौत हो गई। रेलवे, जिस तरह से आधुनिकीकरण खूब बढ़ावा दे रहा है। ट्रेनों की गतिशीलता बढ़ा रहा है। उसके साथ यात्रियों की सुरक्षा और रेल आवागमन सुरक्षित हो। इस दिशा में प्रयास तो किए जाते हैं। लेकिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय नहीं किए जाने के कारण, रेलवे में लापरवाही लगातार बढ़ती ही जा रही है। रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी तकनीकी के ऊपर आश्रित होकर गैर जिम्मेदार होने लगे हैं। जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

ट्रिपल ट्रेन हादसा जो हुआ है। ऐसी घटनाएं शायद ही कभी देखने को मिलती हैं। इस ट्रेन हादसे में यात्री ट्रेन का एक इंजन मालगाड़ी के बोगी के ऊपर चढ़ गया। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है, कि एक ही स्थान पर 3 ट्रेनों के बीच हादसा हुआ। सैकड़ों यात्रियों को अपनी जान गंवानी पड़ी। इसके जिम्मेदार दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों और घटना के वास्तविक कारण कभी उजागर नहीं होंगे। सब एक दूसरे को बचाने पर लगे रहेंगे। पिछली घटनाओं के बाद जब रिपोर्ट प्रकाशित होती है।

उससे यही साबित होता है, कि अपना पल्ला झाडने के लिए एक दूसरे के ऊपर जिम्मेदारी डालकर बचने का प्रयास करते हैं। ऐसी जांच का कोई मतलब भी नहीं होता है।

# स्वतंत्र भारत का सपना हो रहा साकार

**श्री श्री रवि शंकर**

दुनिया की सबसे प्राचीन मानव सभ्यता और सबसे पुराने, सबसे बड़े एवं सबसे जीवंत भारतीय लोकतंत्र का सपना था 'सर्वे भवंतु सुखिनः' आर्थात इस धरती पर सब सुखी हों, सब समृद्ध हों। पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। निर्णायक प्रशासनिक कौशल, अपार जन–समर्थन और आधुनिक तकनीक के साथ एक संकल्पवान प्रधानमंत्री ने इसे संभव कर दिखाया है। इससे युवाओं, महिलाओं, किसानों, शोषितों, वंचितों और सबसे गरीब लोगों में आशा जगी है और विश्वास बना है कि केंद्र में उनकी सरकार है जो उनके जीवन उत्थान के लिए अहर्निश काम कर रही है।

अतीत में देश प्रधानमंत्रियों ने स्वयं स्वीकार किया है कि अंतिम लाभार्थी तक सरकार द्वारा उनके लिए आवंटित राशि का लगभग 14–15 प्रतिशत हिस्सा ही उन्हें मिल पाता है। वर्तमान प्रधानमंत्री ने लास्ट माइल डिलीवरी सुनिश्चित की है। लगभग 48 करोड़ लोगों के बैंक एकाउंट खोले गए ताकि लाभार्थियों को उनका हक बिना किसी लीकेज के सीधे उनके बैंक एकाउंट में मिले। हालांकि बेरोजगारी दुनिया भर में एक बड़ा मुद्दा है लेकिन इससे बेहतर तरीके से निपटने के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार ने सकारात्मक और प्रभावी कदम उठाये हैं। न केवल शहरों में बल्कि देश के दूरदराज के इलाकों में भी अधिक कौशल केंद्र स्थापित किए गए हैं।

वर्तमान केंद्र सरकार ने श्रम एवं श्रमिकों के गरिमापूर्ण जीवन के लिए कई कदम उठाये। श्रमिकों के लिए श्रम योगी मानधन योजना बनाई गई। कई अवसरों पर स्वयं प्रधानमंत्री ने स्वयं श्रमवीरों को सम्मानित किया है। भरत की श्रम शक्ति ने देश के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है। उनका सम्मान निश्चित रूप से एक सराहनीय कदम है। देश ने बीते 9 वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। अतीत में यूरोप की यात्रा के दौरान मैं कई लोगों की टिप्पणियां सुनता था कि यूरोप जैसा बुनियादी ढांचा और यात्रा में आसानी भारत में कभी नहीं हो सकती लेकिन इतने कम समय में वे सभी गलत साबित हुए हैं।

बीते सालों में दुनिया सदी की सबसे विनाशकारी कोविड महामारी, रूस–यूक्रेन युद्ध, बढ़ती जलवायु संबंधी चिंताएं, सप्लाई चेन में अवरोध, दुनिया भर में लगातार बढ़ती मुद्रास्फीति, दुनिया के कई हिस्सों



में ध्रुवीकरण, देशों के बीच घटते विश्वास एवं सहयोग तथा मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे विश्व स्तर पर पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित कर रहे हैं। इस आलोक में जहाँ एशिया में कई सरकारें विफल सिद्ध हो रही हैं, भारत बीते 9 साल में अपने साहसिक निर्णयों और बुद्धिमत्ता पूर्ण उठाये गए क़दमों के बल पर एक मजबूत और तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है।

देश की विदेश नीति ने वैश्विक पटल में भारत की अग्रणी भूमिका की दिशा में काफी सम्मान अर्जित किया है। ये सच है कि भारत में दुनिया की आबादी का छठा हिस्सा रहता है लेकिन भारत की आवाज़ कभी भी उस तरह से नहीं सुनी गई जैसे अब सुनी जा रही है।

आज भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है। कुल मिलाकर, अंतर्राष्ट्रीय जगत में भारत की धाक जमी है और भारत अपना सही स्थान पा रहा है। इसका श्रेय केवल और केवल वर्तमान सरकार एवं उसकी सही नीतियों को जाता है। रूस–यूक्रेन संघर्ष के दौरान किसी का पक्ष नहीं लेने की कुशल नीति और दुनिया को तर्कपूर्ण जवाब तथा अन्य वैश्विक मुद्दों पर भारत की सार्थक पहल ने भारत को एक मजबूत वैश्विक शक्ति, एक परिपक्व मध्यस्थ और दुनिया के पेसमेकर के रूप में स्थापित किया है। जहाँ दुनिया की बड़ी–बड़ी अर्थव्यवस्थाएं धराशायी हो रही हैं और दुनिया भर के कई देशों में मुद्रास्फीति एक बड़ा मुद्दा है, वहां भारतीय अर्थव्यवस्था ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। मोदी सरकार ने कोविड महामारी के दौरान गरीब कल्याण अन्न योजना जैसा क्रांतिकारी कदम उठाया यह सुनिश्चित करने के लिए ताकि देश में कोई भूखा न सोने पाए। यह एक लोक–कल्याणकारी सरकार की संवेदनशीलता को दिखाता है जिसकी सर्वत्र सराहना हुई। भारत में घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद होने के बावजूद देश के तीर्थस्थलों का विकास आजादी के 70 सालों में भी न हो पाया था। तीर्थस्थलों में गंदगी का अंबार था और बुनियादी ढाँचे जर्जर थे। पिछली केंद्र सरकारों ने इसकी पूरी तरीके से अनदेखी की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी तीर्थस्थलों और आष्टा के केंद्रों के जीणोद्धार एवं वहां विकास का बीड़ा उठाया। पिछले कुछ वर्षों में काशी, उज्जैन, सोमनाथ, अंबाजी, ऋषिकेश, केदारनाथ, बदरीनाथ जैसे महान तीर्थस्थलों का जो स्वरूप बदला है, उसने श्रद्धालुओं के मन में आशा, विश्वास एवं आकांक्षाओं की नई बुनियाद रखी है।

हालांकि सभी राजनीतिक नेताओं और पार्टियों की धार्मिक अनुष्ठानों और प्रथाओं में आस्था है, लेकिन वे इसके बारे में कभी खुले नहीं थे। ये प्रधानमंत्री मोदी ही हैं जिन्होंने इसे स्वीकार करने में कभी हिचक नहीं दिखाई और अपने कर्तव्यों का अक्षरशः पालन करने के साथ–साथ इसके गौरव को भी फिर से स्थापित किया। उन्होंने विश्व के अन्य नेताओं को भारतवर्ष की इन अमूल्य विरासतों से परिचित कराया। किसी भी समाज की प्रगति लोगों के विश्वास और आत्म–सम्मान पर निर्भर करती है। अपनी जड़ों और अपनी संस्कृति का सम्मान करने से समाज में आत्म–सम्मान पैदा होता है और यह बिना किसी हिचकिचाहट और पूर्वाग्रह के बहुत अच्छी तरह से किया गया है।कला और संस्कृति को नरेन्द्र मोदी सरकार ने बहुत महत्व और प्रोत्साहन दिया है। कई नए संग्रहालय खोले गए हैं और कला के सभी रूपों को जगह मिली है। इससे पता चलता है कि हमारे पास क्या संभावनाएं हैं और कैसे हम 'स्लीपिंग जायंट्सइ के रूप में उसाँसे ले रहे थे जिसे अपनी वास्तविक क्षमता का एहसास ही नहीं था। भारत ने शिक्षा क्षेत्र में भी क्रांतिकारी कदम उठाये हैं। पुरानी औपनिवेशिक शिक्षा प्रणाली की तुलना में नई शिक्षा नीति एक ऐसी क्रांति है जो पुरातनता के साथ–साथ आधुनिक सभ्यता की बुद्धिमत्ता पर आधारित है। भारतीय प्रतिभा का पूरी दुनिया में सम्मान होता है। अब उन्हें अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने के लिए एक खुला मैदान मिला है। शिक्षा में सुधार की पहल ने देश में शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि की है और इसे सर्व–सुलभ बनाया है।जिस पूर्वोत्तर को लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया, वह अपनी कई संभावनाओं के प्रति जागृत हो उठा है। जम्मू–कश्मीर में विकास के एक

**कला और संस्कृति को नरेन्द्र मोदी सरकार ने बहुत महत्व और प्रोत्साहन दिया है। कई नए संग्रहालय खोले गए हैं और कला के सभी रूपों को जगह मिली है। इससे पता चलता है कि हमारे पास क्या संभावनाएं हैं और कैसे हम 'स्लीपिंग जायंट्सइ के रूप में उसाँसे ले रहे थे जिसे अपनी वास्तविक क्षमता का एहसास ही नहीं था। भारत ने शिक्षा क्षेत्र में भी क्रांतिकारी कदम उठाये हैं। पुरानी औपनिवेशिक शिक्षा प्रणाली की तुलना में नई शिक्षा नीति एक ऐसी क्रांति है जो पुरातनता के साथ–साथ आधुनिक सभ्यता की बुद्धिमत्ता पर आधारित है। भारतीय प्रतिभा का पूरी दुनिया में सम्मान होता है। अब उन्हें अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने के लिए एक खुला मैदान मिला है। शिक्षा में सुधार की पहल ने देश में शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि की है और इसे सर्व–सुलभ बनाया है।**

नए युग का उदय और महिलाओं को दिया गया न्याय 'न्यू इंडियाइ की अवधारणा को रेखांकित करता है। यह दर्शाता है कि अपने ही लोगों के साथ की गई गलती को कैसे सुधारा जा सकता है। यह तथाकथित निंदकों और आलोचकों के लिए एक बड़ी चुनौती है। बहुत से लोग इस बात से वाकिफ नहीं हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने अफगानिस्तान को एक नया संसद भवन उपहार में दिया है। नाइजीरिया में राष्ट्रपति भवन भी कुछ साल पहले भारत ने बनाया था। और अब, प्रधान मंत्री मोदी ने हमारे संविधान और परंपरा का सम्मान करते हुए गुलामी की दासता से मुक्त भारतीय संस्कृति एवं विरासत के आधार पर एक सुंदर संसद भवन हमारे देश को समर्पित किया है। इतने कम समय में निर्मित एक अद्भुत संरचना – हर देशवासी को इस पर गर्व होना चाहिए।

हालांकि कई जगह त्रुटियां हैं, कई गलतियां भी की गई जिन्हें टाला जा सकता था, और अभी हमें बेरोजगारी, बढ़ती कीमतों तथा अन्य सामाजिक मुद्दों पर एक लंबा सफर तय करना है। वर्तमान सरकार जिस गति से चुनौतियों का समाधान कर रही है वह वास्तव में प्रशंसनीय है और यह देश के उज्जवल भविष्य की उम्मीद जगाती है। निश्चित रूप से, टीम मोदी को देशवासियों के सभी सपनों को पूरा करने के लिए और अधिक समय की आवश्यकता है।

**लेखक आध्यात्मिक गुरु हैं**

# उत्तरप्रदेश में भाजपा की तैयारी तेज हुई

उत्तर प्रदेश में भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। लोकसभा चुनाव में अब एक साल से कम समय है और भाजपा का लक्ष्य अपनी 62 सीटों में बढ़ोतरी करने की है। पिछले चुनाव में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी मिल कर लड़े थे, जिससे भाजपा की सीटें 71 से घट कर 62 रह गई थी। उसकी सहयोगी अपना दल ने दो सीटें जीती थीं। सपा को पांच और बसपा को 10 सीट मिली थी और एक सीट कांग्रेस ने जीती थी। इस बार भाजपा का लक्ष्य 2014 की तरह नतीजे हासिल करने का है। उस समय भाजपा को 71 और अपना दल को दो सीट मिली थी। सपा ने पांच और कांग्रेस ने दो सीट जीती थी। सीट बढ़ाने के लक्ष्य को ध्यान में रख कर भाजपा हर सीट पर सर्वेक्षण करा रही है।बताया जा रहा है कि लोकसभा की हर सीट पर तीन तीन महीने में सर्वेक्षण कराया जा रहा है।

पार्टी के एक जानकार नेता ने बताया कि राजनीतिक स्थिति तेजी से बदल रही है। देश की हर घटना का असर हर सीट पर पड़ता है। इसलिए पार्टी तीन महीने में सर्वेक्षण करा कर फीडबैक ले रही है। क्षेत्र में लोगों का क्या मूड है, वे किस बात से नाराज हैं या किस बात को लेकर भाजपा के प्रति उनका रवैया सकारात्मक है, इस बारे में जानकारी ली जा रही है। इसके अलावा उम्मीदवार के नाम पर भी फीडबैक लिया जा रहा है। भाजपा इस बात का भी आकलन करा रही है कि बसपा अगर बहुत आक्रमक तरीके से नहीं लड़ती है या तालमेल नहीं करती है तो भाजपा को उसका कितना फायदा होगा। इन तिमाही सर्वेक्षणों के आधार पर भाजपा योजना भी बनाएगी और उम्मीदवार भी तय करेगी।

## मप्र : सीहोर में ढाई साल की बच्ची 300 फीट गहरे बोरवेल के गड्ढे में गिरी

**भोपाल , एजेंसी।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में ढाई साल की बच्ची लगभग 300 फीट गहरे बोरवेल के गड्ढे में गिर गई है। बच्ची लगभग 25 फीट की गहराई पर फंसी हुई है और उसे सुरक्षित निकालने के लिए जेसीबी व पोकलैंन मशीन की मदद से खुदाई की जा रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहत और बचाव अभियान को तेज करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, सीहोर जिले के मुंगावली गांव में राहुल कुशवाहा की ढाई साल की बच्ची सृष्टि घर के पास ही खेत में खेल रही थी और वह बोरवेल के खुले पड़े गड्ढे में जा गिरी। बच्चे की दादी कलावती बाई ने बताया, मंगलवार की दोपहर को सृष्टि खेलने का कहकर गई थी, घर के पास ही दूसरे का खेत है। बोरवेल पर तगाड़ी रखी थी, मेरी पोती उस पर बैठी और अंदर गिर गई। मैंने चिल्लाते हुए उसे पकडऩे लगी, लेकिन वह बोरवेल में गिर चुकी थी, उसके बाद से गांव और प्रशासन के अधिकारी बच्ची को बाहर निकालने के अभियान में लगे हुए हैं।

## कोटा के कुंन्हाडी थाना क्षेत्र में हुआ बड़ा हादसा, 4 मजदूर फंसे सीवरेज लाइन में, तीन मजदूरों की हुई मौत

**कोटा , एजेंसी।** कोटा के कुंन्हाडी थाना क्षेत्र में सीवरेज लाइन का काम करते समय बड़ा हादसा हो गया, इस हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई है । हादसा कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के रिद्धि सिद्धि नगर में हुआ जहां पर आर यू डीपीआई के तहत सीवरेज लाइन का काम चल रहा था, सीवरेज लाइन का काम करते समय 4 मजदूर सीवरेज लाइन में फंस गए । जिन्हें सूचना के बाद नगर निगम कोटा के रेस्क्यू दल ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला । वहीं तीन मजदूरों को बेहोशी की हालत में कोटा के एमबीएस अस्पताल ले जाया गया जहां पर ड्यूटी डॉक्टरों ने मजदूरों को मृत घोषित कर दिया । इस हादसे में एक मजदूर को नगर निगम की रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित भी निकाला ।

प्रथमदृष्टया यह बताया जा रहा है कि सीवरेज लाइन में दम घुटने से मजदूरों की मौत हुई है, फिलहाल पुनाली थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है । हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस के आला अधिकारी सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे, फिलहाल शवों की पहचान कमल, किरे सिंह, गलियां के नाम से हुई है मृतक मजदूर मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले के निवासी हैं।

## कैथल रोड पर पुरानी कारों के गोदाम में आग लगने से मची अफरा–तफरी

**कैथल , एजेंसी।** पुंडरी के कैथल रोड पर सुबह लगभग 10.30 बजे के आसपास पुरानी कारों के खरीदार सुरेश गोदाम में कार्यरत करमचारियों में अफरा–तफरी मच गई।

आग गोदाम में पिछ्ले तरफ प्लास्टिक का समान में लग जाने से जल्द ही फैल गई। फायर ब्रिगेड को फोन करने कुछ समय बाद ही फायर ब्रिगेड घटनास्थल पर के पहुंच जाने से जल्दी ही आग पर काबू पा लिया गया।मालिक सुरेश कुमार ने बताया कि कब आग लग गई पता ही नहीं चला। क्योंकि वह अपंग है और चलने फिरने में असमर्थ है।

उन्होंने बताया कि दमकल केंद्र में फोन करने से जल्दी दमकल वाहन समय पर उपलब्ध होने से भी हमारा अधिक नुकसान होने से बच गया। लेकिन आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया।उन्होंने बताया जिस समय आग लगी गोदाम में पच्चीस से तीस पुरानी गाडियां गोदाम मे खडी थीं। जिनमें आग लगने से काफी नुकसान हो सकता था। लेकिन सुरेश कुमार ने बताया दमकल वाहन जल्दी आ जाने से अधिक नुकसान होने से बच गया।

# पीड़िता भी वापस नहीं ले सकती पॉक्सो केस

## बयान बदला तो भी कोर्ट तय करेगी बृजभूषण का भविष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बृजभूषण शरण सिंह के मामले में यह कहा जा रहा है कि नाबालिग महिला खिलाड़ी ने अपना केस वापस ले लिया है। उसने अपना बयान बदल लिया है और अदालत में मजिस्ट्रेट के सामने नए बयान में उसने कहा है कि उसने दबाव में बृजभूषण शरण सिंह पर दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोप लगा दिए थे। दावा किया जा रहा है कि इसके बाद बृजभूषण शरण सिंह पर दर्ज पॉक्सो का मामला खारिज हो जाएगा। साक्षी मलिक ने इसे अफवाह बताते हुए इस समाचार का खंडन कर दिया है।

लेकिन इसके बाद भी, कानून के जानकारों का मानना है कि पॉक्सो के मामले में पीड़ित को भी केस वापस लेने का अधिकार नहीं है। यानी यदि नाबालिग महिला खिलाड़ी अपना बयान बदलती भी है, तो भी बृजभूषण शरण सिंह को राहत नहीं मिलने वाली है।

सवौच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे ने अमर उजाला को बताया कि पॉक्सो कानून में एक बार मामला दर्ज हो जाने के बाद पीड़ित को भी केस वापस लेने का अधिकार नहीं है। लेकिन पीड़ित चाहे तो अदालत के सामने अपना ब्यान बदल सकती है। लेकिन यह बदला बयान भी पीड़ित या पुलिस को एफआईआर रद्द करने का अधिकार नहीं देता।

इस बदले बयान के आधार पर अन्य विवेचना के साथ पुलिस अदालत में मामले को बंद करने की रिपोर्ट (उ'ङ्करी१ फीस्त्रङ्क१३) दाखिल कर सकती है, लेकिन यह अंतिम रूप से अदालत के ऊपर निर्भर करता है कि वह इस रिपोर्ट को स्वीकार करे, या पुलिस को मामले की विस्तृत विवेचना करने और ट्रायल चलाने का आदेश दे।

हालांकि, पीड़ित के बदले हुए



बयान के आधार पर आरोपी व्यक्ति उच्च न्यायलय में यह अपील कर सकता है कि इस मामले को बंद कर दिया जाए। लेकिन उच्च न्यायालय में भी यह पूरी तरह कोर्ट के विवेकाधिकार पर निर्भर करता है कि वह इसे स्वीकार करे, या न करे। इसी तरह का एक मामला 2022 में पंजाब–हरियाणा हाई कोर्ट के सामने आया था। दो नाबालिग लड़कियों के पिता ने आरोप लगाया था कि दो युवकों ने उनकी बेटियों के साथ दुष्कर्म किया था। मामले के अदालत में चलने के दौरान एक आरोपी ने उक्त लड़की के साथ विवाह कर लिया था। इसी आधार पर उसने अदालत से यह गुहार लगाई थी कि चूंकि उसने पीड़ित से विवाह कर लिया है, लिहाजा अब उसके विरुद्ध यह मामला रद्द कर दिया जाए।

लेकिन कोर्ट ने इस दलील को अस्वीकार करते हुए कठोर टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि यदि पॉक्सो के मामलों में भी इस तरह से समझौते होने लगे तो पॉक्सो का क्या अर्थ रह जाएगा।

पॉक्सो कानून नाबालिग बच्चों को किसी भी तरह के दुष्कर्म से बचाने की कोशिश है, और बच्चों का यह अधिकार हर हाल में सुरक्षित रहना चाहिए। अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे ने कहा कि सच्चाई तो यह है कि दुष्कर्म के किसी मामले में भी आरोपी और पीड़ित के बीच समझौता नहीं हो सकता। अदालतों ने कई बार इस तरह के निर्णय दिए हैं, जिससे यह साबित होता है कि इस तरह के अपराध में आरोपी और पीड़ित के बीच समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। कुछ मामलों में अदालतें कुछ राहत प्रदान कर देती हैं, लेकिन इस तरह के मामले अकसर परस्पर सहमति से बने शारीरिक संबंधों के मामले में होते हैं।ध्यान रहे कि पॉक्सो केस में सहमति से बना शारीरिक संबंध भी अपराध की श्रेणी में आता है क्योंकि कानून यह मानता है कि बच्चे की मानसिक अवस्था इतनी परिपक्व नहीं होती कि वह सेक्स के मामले में सभी पहलुओं पर विचार करते हुए निर्णय ले सके।

**क्या है पोक्सो केस**

नाबालिग बच्चों को दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध से बचाने के लिए 2012 में एक विशेष कानून बनाया गया था। इसे पॉक्सो एक्ट कहा गया। इसमें नाबालिग शब्द का अर्थ 18 वर्ष से कम उम्र के किसी भी बच्चे (लड़का या लड़की) से है। पहले इसमें अधिकतम सजा आजीवन कारावास थी, लेकिन इस कानून को और अधिक कड़ा बनाने के लिए 2019 में इसमें मौत की सजा देने का प्रावधान भी जोड़ दिया गया।लेकिन इसमें आजीवन कारावास का अर्थ आरोपी के उसकी अंतिम सांस तक जेल में रहने से है, यानी पॉक्सो केस में आजीवन कारावास की सजा पाने वाला व्यक्ति कभी जेल से बाहर नहीं आ सकता। हालांकि, विशेष मानवीय संवेदना के आधार पर अदालतें या सक्षम एजेंसी समय–समय पर आरोपी को कुछ समय के लिए जमानत/पैरोल/फरलो देने पर विचार कर सकती हैं।

## यूपी में 400 साल पुरानी चार मूर्तियां गायब, मंदिर के पुजारी पर मामला दर्ज

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के जटपुरा इलाके में स्थित श्रीराम मंदिर से करीब 400 साल पुरानी चार मूर्तियां गायब हो गई हैं। मंदिर प्रबंधन समिति ने मंदिर के पुजारी और उनकी पत्नी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया है।

मंदिर समिति के प्रबंधक रामदास कटारा ने कहा कि मंदिर का निर्माण मुगल काल के दौरान सम्राट अकबर के दरबार में मंत्री राजा टोडरमल ने करवाया था।

उन्होंने कहा कि कीमती धातुओं और पत्थरों से बनी मूर्तियों को करीब 400 साल पहले मंदिर में स्थापित किया गया था।

दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, मूर्तियों के गायब होने के बारे में पूछे जाने पर मंदिर के पुजारी और उनकी पत्नी ने स्थानीय लोगों के साथ दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया। कटारा ने आरोप लगाया, उन्होंने समिति के सदस्यों को धमकी दी और मंदिर के स्वामित्व का दावा किया।

## राष्ट्रपति मुर्मू को सूरीनाम का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**नई दिल्ली , एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सूरीनाम के सवोच्च सम्मान 'ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ द येलो स्टारइ से नवाजा गया। मुर्मू देश के राष्ट्रपति बनने के बाद सूरीनाम की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर हैं। उन्होंने अपने आधिकारिक राष्ट्रपति भवन हैंडल से एक ट्वीट में कहा, मैं सूरीनाम का सवोच्च सम्मान, ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ द येलो स्टार प्राप्त कर बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं।

उन्होंने कहा, यह मान्यता न केवल मेरे लिए बल्कि भारत के उन 1.4 बिलियन लोगों के लिए भी अत्यधिक महत्व रखती है, जिनका मैं प्रतिनिधित्व करता हूं। मैं यह सम्मान भारतीय–सूरीनाम समुदाय की आने वाली पीढियों को भी समर्पित करता हूं, जिन्होंने हमारे दोनों देशों के बीच भ्रातृत्व को समृद्ध करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

राष्ट्रपति ने कहा, सूरीनाम में भारतीय आगमन की 150वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक स्मरणोत्सव के दौरान यह सम्मान प्राप्त करना इसे और विशेष बनाता है। यदि यह सम्मान हमारे दोनों देशों में महिलाओं के लिए सशक्तिकरण और प्रोत्साहन के प्रकाश स्तंभ के रूप में कार्य करता है, तो यह और भी सार्थक बन जाता है।मुर्मू सूरीनाम के तीन दिवसीय दौरे पर हैं, जो मंगलवार को समाप्त होगा।इस दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौते भी हुए।

## ओडिशा : एसी कोच में धुआं देखकर सिकंदराबाद–अगरतला ट्रेन से उतरे यात्री

**भुवनेश्वर , एजेंसी।** बालासोर ट्रेन हादसे के बाद लोग इतना डरे हुए हैं कि सिकंदराबाद–अगरतला एक्सप्रेस के यात्री मंगलवार को ओडिशा के बेरहामपुर रेलवे स्टेशन पर एसी कोच में धुआं देखकर उतर गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बी5 एसी कोच के इलेक्ट्रिक इंस्टालेशन से धुआं निकला।

यात्रियों ने तुरंत ट्रेन से उतरकर कोच बदलने की मांग की।ईस्ट कोस्ट रेलवे (ईसीओआर) ने कहा, यह बताया गया है कि बेरहामपुर स्टेशन के पास ट्रेन नंबर 07030 सिकंदराबाद–अगरतला एक्सप्रेस के कोच नंबर बी–5 में बिजली की मामूली समस्या हुई।

## अरब सागर में बन रहे चक्रवाती तूफान में तेजी आने की संभावना, कई राज्यों में हो सकती है बारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण पूर्व अरब सागर में बन रहे चक्रवाती तूफान में तेजी आने की संभावना है। इसके साथ ही, कई राज्यों में बारिश को लेकर भी अलर्ट किया है।

आईएमडी ने एक ट्वीट में कहा, "दक्षिण–पूर्व अरब सागर पर 0830 कळ पर अक्षांश 11.5 डिग्री एन और देशांतर 66.0 डिग्री पूर्व, गोवा से लगभग 950 किमी दक्षिण पश्चिम, मुंबई से 1100 किमी दक्षिण पश्चिम में दबाव। लगभग उत्तर की ओर बढ़ने और अगले 12 घंटे के दौरान एक चक्रवाती तूफान में तीव्र होने की संभावना है।"

एक अन्य ट्वीट में कहा गया,



"दक्षिण पूर्व अरब सागर पर दबाव 1130 कळ पर अक्षांश 11.9 डिग्री उत्तर और देशांतर 66.0 डिग्री पूर्व, गोवा से लगभग 930 किमी दक्षिण पश्चिम पश्चिम, मुंबई से 1060 किमी दक्षिण पश्चिम में गहन दबाव में तीव्र हो गया। लगभग उत्तर की ओर बढ़ने और अगले 6 घंटों के दौरान एक सीएस में तीव्र होने की संभावना है।"

इसके अलावा, दक्षिण अरब सागर के ऊपर पश्चिमी हवाएं जारी हैं। पश्चिमी हवाओं की गहराई औसत समुद्र तल से 1.5 से 4.5 किमी ऊपर की ओर उठ गई है। केरल में बारिश जारी है। इस बीच, आईएमडी ने रविवार को पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में हल्की बारिश की संभावना जताई है, जो अगले चार से पांच दिनों के दौरान गर्मी से राहत दिलाएगा।

मौसम विभाग ने एक बयान में जानकारी दी है, "दिल्ली के अधिकांश स्थानों (सफदरजंग, लोदी रोड, आईजीआई हवाई अड्डे, आयानगर), एनसीआर (लोनी देहात, बहादुरगढ़, गाजियाबाद, इंदिरापुरम, छपरौला, नोएडा, दादरी, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, मानेसर, बल्लभगढ़) सोनीपत, रोहतक, खरखौदा, चरखी दादरी, मट्टनहेल, झज्जर, फरुखनगर, कोसली, सोहाना, पलवल, नूंह, औरंगाबाद (हरियाणा) में 30–50 किमी / घंटा की गति से तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम तीव्रता की बारिश होगी।"

एजेंसी ने कहा कि उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में भी रविवार को मध्यम से तेज बारिश होगी। आईएमडी ने कहा, "गुलाटी, सिकंदराबाद, बुलंदशहर, जहांगीराबाद, शिकारपुर, खुर्जा, पहासू, देबाई, गभाना, जट्टारी, अतरौली, खैर, अलीगढ़ (यूपी) भिवाड़ी, तिजारा (राजस्थान) अगले 2 घंटों के दौरान बारिश की संभावना है।"

## क्या सचिन पायलट बनाएंगे नई पार्टी ?

### अटकलों ने पकड़ा जोर, कांग्रेस आलाकमान पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भले ही राजस्थान कांग्रेस में पिछले कुछ सालों से चला आ रहा सियासी घमासान थम गया हो, लेकिन सचिन पायलट के अगले कदम को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। सचिन पायलट के करीबी सूत्रों का कहना है कि उन्हें पार्टी आलाकमान के निर्णय का इंतजार है।

कांग्रेस नेता सचिन पायलट के करीबी सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि वह पूर्व की वसुंधरा राजे सरकार के दौरान हुए कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई सहित अपनी मांगों पर अडिग हैं और पार्टी आलाकमान के अंतिम फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया है कि सचिन पायलट एक नई पार्टी बनाने की घोषणा कर सकते हैं। हालांकि, उनके करीबी सूत्रों ने कहा कि सचिन केवल अपनी मांगों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वह चाहते हैं कि अशोक गहलोत सरकार पूर्व की वसुंधरा राजे सरकार के दौरान हुए



भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करे। साथ ही सरकारी भर्ती परीक्षा से जुड़े पेपर लीक होने के मुद्दों पर काम करे।

सूत्रों ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट ने पिछले हफ्ते पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के साथ बैठक की थी, लेकिन राजस्थान के दोनों नेताओं के बीच मुख्य मुद्दों का कोई समाधान नहीं हुआ है।

इस बीच, ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि सचिन पायलट 11 जून को दौसा में अपने पिता की पुण्यतिथि पर अपने भविष्य के बारे में स्पष्ट संकेत दे सकते हैं। उनके एक करीबी सूत्र ने कहा कि सचिन पायलट पार्टी नेतृत्व के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। पायलट के करीबी नेताओं ने कहा कि भ्रष्टाचार और पेपर लीक के मुद्दे उनकी सवोच्च प्राथमिकता हैं।

राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर हर साल आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी दौसा में जोरों पर चल रही है और इसकी देखरेख की जिम्मेदारी पायलट के करीबी माने जाने वाले कृषि विपणन राज्य मंत्री मुरारी लाल मीणा के पास है। मीणा ने कहा कि मुझे नहीं पता कि नई पार्टी की अटकलें कहां से शुरू हुई हैं। मुझे इस तरह की अटकलों में कोई दम नहीं दिखता। मैं पार्टी की विचारधारा के अनुसार काम करता हूं।

## संस्कृति विभाग का जन–अभियान परिषद के साथ करार

**भोपाल , एजेंसी।** मध्य प्रदेश की संस्कृति को जन जन तक पहुंचाने के लिए संस्कृति विभाग ने एक कदम बढ़ाया है। इसके तहत संस्कृति विभाग ने जन–अभियान परिषद के साथ करार किया है। एमओयू विभिन्न शैक्षिक, सांस्कृतिक तथा कला से संबंधित कार्यक्रमों का संयुक्त रूप से आयोजन, संचालन, मेजबानी और प्रचार–प्रसार करने पर केंद्रित है। समझौता ज्ञापन की अवधि 3 वर्ष की होगी, जिसे आपसी सहमति से बढ़ाया जा सकेगा।एमओयू का उद्देश्य संस्कृति विभाग तथा मध्यप्रदेश जन–अभियान परिषद के बीच सक्रिय रूप से भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ एक संस्थागत ढांचा प्रदान करना है। परिषद संस्कृति विभाग के सांस्कृतिक अधिदेश को पूर्ण करने और सुध्ढ़ करने के साथ राज्य की संस्कृति और उसके विकास तथा प्रचार–प्रसार को बढ़ावा देने में मदद करेगा।सांस्कृतिक और शैक्षिक क्षेत्रों में सहयोग के उद्देश्य को लेकर संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री उषा ठाकुर और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा की उपस्थिति में मंत्रालय में संस्कृति विभाग और जन–अभियान परिषद के बीच एमओयू साइन हुआ।

## व्हाइट हाउस ने भारत में लोकतंत्र की चिंताओं को किया खारिज, कहा– दिल्ली जाइए और खुद देखिए

**वाशिंगटन , एजेंसी** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले व्हाइट हाउस ने भारत में लोकतंत्र की सेहत को लेकर चिंताओं को खारिज किया है। अमेरिकी सरकार ने कहा कि भारत एक जीवंत लोकतंत्र है, जो कोई भी नई दिल्ली जाता है, वो उसे खुद देख सकता है। व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में सामरिक संचार के समन्वयक जॉन किर्बी ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, भारत एक जीवंत लोकतंत्र है। कोई भी, जिसे आप जानते हैं, जो नई दिल्ली जाता है, वह इसे खुद देख सकता है और निश्चित रूप से, मैं उम्मीद करता हूं कि लोकतांत्रिक संस्थानों की ताकत और इसकी हालत चर्चा का हिस्सा होगी।

किर्बी ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय लोकतंत्र के सेहत पर एक सवाल के जवाब में कहा, और, देखिए, हम अपने दोस्तों के साथ अपनी चिंताओं को जाहिर करते हुए शर्माते नहीं हैं। हमारी चिंता दुनिया में किसी के साथ भी हो सकती है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा जो अभी है उसे आगे बढ़ाने के बारे में है और हम आशा करते हैं कि यह एक गहरी, मजबूत साझेदारी और आगे बढऩे वाली दोस्ती होगी।

राजकीय रात्रिभोज के निमंत्रण के पीछे के कारण के बारे में पूछे जाने पर, किर्बी ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन द्विपक्षीय साझेदारी और दोस्ती को आगे बढ़ाने और गहरा करने के लिए अपने भारतीय समकक्ष से मिलना चाहते हैं।किर्बी ने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ भारत बहुत सारे स्तरों पर एक मजबूत भागीदार है। आपने देखा कि शांगरी–ला सचिव (रक्षा, लॉयड) ऑस्टिन ने अब कुछ अतिरिक्त रक्षा सहयोग की घोषणा की है जिसे हम भारत के साथ आगे बढ़ाने जा रहे हैं।

## असंवेदनशील व्यक्ति हैं ममता बनर्जी : अमित मालवीय

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भाजपा आईटी सेल के हेड और पश्चिम बंगाल भाजपा के सह प्रभारी अमित मालवीय ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को असंवेदनशील व्यक्ति बताते हुए कहा है कि पहले ममता बनर्जी ने दो हजार रुपये के नोट को लेकर यह कहा था कि कि वे उसका उपयोग ही नहीं करती लेकिन अब उन्हीं के लोग बालासोर रेल हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों को दो हजार रुपये के नोटों के साथ अपनी फोटो खिंचवाने के लिए मजबूर कर रहे हैं जो उन्हें मदद के तौर पर दिया जा रहा है। मालवीय ने ट्वीट कर कहा, ममता बनर्जी जैसा असंवेदनशील व्यक्ति मिलना मुश्किल होगा। पिछले हफ्ते, उन्होंने जोर देकर कहा कि वह 2,000 रुपये के नोट का उपयोग नहीं करती है और उनके पूरे घर में 8 से अधिक नोट नहीं थे। उसके बाद उनके दूत उन लोगों के घर पहुंचे, जिन्होंने बालासोर त्रासदी में अपने प्रियजनों को खो दिया था ।

## तीन बेटे को गंवाने वाली मां रोते हुए राज्यपाल के सीने से जा लिपटी

**कोलकाता , एजेंसी।** बालासोर ट्रेन हादसे में मारे गए बसंती के निवासी पांच मृतकों के परिवारों से राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने आज मुलाकात की। राज्यपाल बोस आज सुबह लगभग 10 बजे उक्त हादसे में अपने तीन बेटों को गंवाने वाली मां सुभद्रा गायन के घर पहुंचे और सांत्वना प्रदान किया। बालासोर ट्रेन हादसे में सुभद्रा गायन के तीन बेटों हरेन गायन, निशिकांत गायन और दिवाकर गायन की मृत्यु हो गई है। राज्यपाल हादसे के शिकार अन्य दो पीड़ितों के परिवारों से भी मुलाकात की। फिलहाल, मृतकों के परिवारों के साथ खड़े होने का वादा करते हुए राज्यपाल 6 महीने तक उनके बैंक खाते में 2 हजार रुपये जमा करेंगे। साथ ही उन्होंने 50 हजार रुपए के एकमुश्त भुगतान की घोषणा की और यह भी निर्देश दिया। राज्यपाल फल और कपड़े समेत कुछ अन्य सामान देने के लिए लाए थे। बसंती के बीडीओ के माध्यम से उन्हें जल्द पहुंचाया जाएगा।

इतना ही नहीं श्राद्ध का सारा खर्च राजभवन उठाएगा। दूसरी ओर, राज्यपाल ने यह भी घोषणा की है कि जिनके पास जनधन खाता है, उनके खाते में 10 हजार रुपये दिए जाएंगे।

### कुरुक्षेत्र में किसानों का प्रदर्शन: हाईकोर्ट ने कहा

## एनएच देश की लाइफ लाइन, इसे किसी भी हाल में बाधित न होने दे सरकार

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** शाहबाद में किसानों के हाइवे पर एकत्रित होने के मामले में पंजाब–हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार ने कहा कि नेशनल हाइवे देश की लाइफ लाइन हैं और इसे किसी भी हालत में बाधित न होने दिया जाए। सरकार सुनिश्चित करे कि इस पर न तो यातायात बाधित हो और न ही जनता को असुविधा हो। हालांकि ऐसा करते हुए प्रशासन अत्यधिक संयम बरते और बल प्रयोग अंतिम उपाय के रूप में ही इस्तेमाल हो। कोर्ट ने इस बारे में



मुख्य सचिव को रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश भी दिया है।

किसान सूरजमुखी के बीज की खरीद न करने और फसल को भावांतर भरपाई योजना के तहत शामिल करने के फैसले को वापस लेने की मांग को लेकर नेशनल हाइवे 44 पर जमे हैं। किसानों के हाइवे पर एकत्रित होने के चलते इसके बाधित होने से क्षेत्र पर पड़ने वाले व्यापक प्रभाव को देखते हुए मंगलवार को अर्जी दाखिल करते हुए इस मामले में तुरंत सुनवाई की मांग की गई। कोर्ट को बताया गया कि किसान नेताओं के आह्वान पर किसान हाइवे पर पहुंच रहे हैं और अगर अभी स्थिति पर काबू न पाया गया तो हाइवे जाम कर दिया जाएगा। किसानों के एकत्रित होने से ट्रैफिक जाम शाहाबाद से दोनों ओर तेजी से बढ़ता जा रहा है जिसे जारी रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग न केवल हरियाणा बल्कि पंजाब, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल और यूटी चंडीगढ़ के साथ राष्ट्रीय राजधानी को जोड़ता है। कोर्ट में यह तर्क दिया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग को आंदोलनकारियों द्वारा अवरुद्ध नहीं किया जा सकता है। पिछले सात सितंबर माह में भी यहां पर राजमार्ग अवरोध किया गया था और याची ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी जो अभी भी विचाराधीन है। उस समय हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया था कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 को बिना किसी बाधा के यातायात और आवाजाही के लिए खुला रखा जाए ताकि जनता को असुविधा न हो।

हाईकोर्ट ने कहा कि जहां एक ओर हाइवे पर ट्रैफिक बाधित न होने देना सरकार का काम है, वहीं इस मामले में किसानों के साथ शांति से विवाद का हल निकालना भी जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में सरकार व किसान संगठन दोनों को संयम से काम लेना चाहिए ताकि देश का आम नागरिक प्रभावित न हो।

# आईपीएल में मिला अभ्यास भारत के काम आयेगा : शास्त्री



लंदन ,। भारत के पूर्व कोच और कमेंटेटर रवि शास्त्री का कहना है कि द ओवल मैदान की पिच भले ही ऑस्ट्रेलिया के लिये ज्यादा अनुकूल है, लेकिन हाल ही में आईपीएल पूरा करके आई भारतीय टीम मैच अभ्यास के कारण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिये ज्यादा तैयार है। भारत और ऑस्ट्रेलिया बुधवार से होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में आमने–सामने होंगे। खिताबी मुकाबले से पहले अधिकतर भारतीय खिलाड़ी जहां आईपीएल खेलकर आ रहे हैं, वहीं ऑस्ट्रेलिया के अधिकतर खिलाडि़यों ने टूर्नामेंट से बाहर रहने का फैसला किया था। इस बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले शास्त्री, रिकी पॉन्टिंग और वसीम अकरम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एक कार्यक्रम 'आफ्टरनून विद टेस्ट लिजेंड्स' में मैच को लेकर चर्चा की।

बतौर कोच भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल 2021 तक ले जाने वाले शास्त्री ने कहा, मैं कहूंगा कि अगर आप तेज गेंदबाजी आक्रमण को देखें, अगर बुमराह होते तो मोहम्मद शमी, बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ (मुकाबला) बराबरी का होता। लेकिन स्टार्क, कमिंस के साथ ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण (ज्यादा मजबूत है)। हो सकता है कि मैच फिटनेस से कुछ फर्क पड़े। उन्होंने कहा, हालिया क्रिकेट अभ्यास की जरूरत है। पांच दिनों तक छह घंटे मैदान में रहना हर दिन दो घंटे नेट पर गेंदबाजी करने से अलग है। शमी महत्वपूर्ण हो सकते हैं क्योंकि वह काफी क्रिकेट खेल रहे हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने भी शास्त्री से सहमति जताई। उन्होंने कहा, एक खिलाड़ी के तौर पर मैं मैच अभ्यास पसंद करता हूं। इससे फर्क नहीं पड़ता कि मैंने कौनसा प्रारूप खेल रहा हूं। आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में खेलना (न खेलने से) बेहतर है। ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप जिताने वाले कप्तान रिकी पॉन्टिंग हालांकि कोई स्पष्ट राय रखने से बचते नज़र आये। पॉन्टिंग ने कहा, कुछ ऑस्ट्रेलियाई खिलाडि़यों ने न तो कुछ किया है और न ही कुछ खेला है। तरोताज़ा होकर आना, क्या यह बेहतर है? या थोड़ा थका हुआ होने लेकिन बहुत सारा क्रिकेट अभ्यास होना, यह बेहतर है? भारत दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल खेल रहा है, जबकि 2021 में खिताबी मुकाबले में उसे न्यूजीलैंड के हाथों हार मिली थी। भारतीय टीम के तत्कालीन कोच शास्त्री ने कहा कि बीते दो सालों में परिस्थितियां काफी बदल चुकी हैं। उन्होंने कहा, जब आप जीत नहीं पाते तो दुख होता है, लेकिन अगर मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो उस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्रकी तुलना में परिस्थितियां बिल्कुल अलग हैं।

### मैंने नहीं किया इस्लाम–विरोधी पोस्ट, अकाउंट हैक : यश दयाल

नयी दिल्ली उत्तर प्रदेश के तेज गेंदबाज यश दयाल ने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट हैक होने का दावा करते हुए कहा कि उसने कोई इस्लाम–विरोधी पोस्ट नहीं किया और वह सभी समुदायों का बराबर सम्मान करते हैं।

यश के इंस्टाग्राम अकाउंट पर आज एक इस्लाम–विरोधी कार्टून साझा किया गया था, जिसे कुछ देर में डिलीट कर दिया गया। यह पोस्ट डिलीट होने के बाद यश के अकाउंट से एक और पोस्ट हुआ जिसमें माफी मांगते हुए कहा गया कि कार्टून गलती से साझा हुआ था। यश ने इन दोनों संदेशों के डिलीट होने के बाद एक बयान में कहा, आज मेरे इंस्टाग्राम पर दो स्टोरी पोस्ट की गयीं। इनमें से कोई भी मैंने पोस्ट नहीं की। मैंने इस मामले की सूचना अधिकारियों को दे दी है क्योंकि मुझे लगता है कि मेरा अकाउंट कोई और इस्तेमाल कर रहा है।

उन्होंने कहा, मैं अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को दोबारा पूरी तरह नियंत्रण में लेने की कोशिश कर रहा हूं। मैं सभी समुदायों का सम्मान करता हूं और यह तस्वीर मेरी सच्ची मानसिकता नहीं दिखाती। शुक्रिया।

# फ्रेंच ओपन क्वार्टरफाइनल में हद्दाद मैया, रचा इतिहास



पेरिस ब्राज़ील की बीट्रिज़ हद्दाद मैया ने स्पेन की सारा सोरिबेस टोमी पर ऐतिहासिक जीत दर्ज कर फ्रेंच ओपन 2023 के चर्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया।

हद्दाद मैया ने कोर्ट सुज़ेन लेंगलेन पर तीन घंटे 51 मिनट चले 2023 के सबसे लंबे महिला एकल मुकाबले में सारा को 6–7(3), 6–3, 7–5 से मात दी।

हद्दाद मैया इस जीत के साथ 55 साल में फ्रेंच ओपन चर्टर-फाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्राज़ीलियन महिला बन गयीं। उनसे पहले ब्राज़ील की मारिया बुएनो ने 1968 में फ्रेंच ओपन और विंबलडन के चर्टरफाइनल तक सफर करने के साथ–साथ अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। इन दोनों खिलाडि़यों के अलावा किसी ब्राज़ीलियन महिला ने एक ग्रैंड स्लैम आयोजन का चर्टरफाइनल नहीं खेला है।

हद्दाद मैया ने इस जीत के बाद कहा, सबसे पहले मैं उन लोगों को धन्यवाद देना चाहूंगी जो मैच देखने आये और इसका आनंद लिया। विशेष तौर पर ब्राज़ीलियन लोगों को मेरा धन्यवाद। मेरे खयाल से हम दोनों की भावनाएं इस मैच से जुड़ी हुई थीं। जब हम बड़े खिलाडि़यों के खिलाफ बड़े आयोजनों में खेलते हैं तो यह आसान नहीं होता। हम करीब चार घंटे तक एक दूसरे के खिलाफ खेले। मैं खुश हूं कि मैंने हार नहीं मानी और अपनी पूरी कोशिश की। मुझे लगता है कि मैं इसके कारण इस जीत की हकदार हूं।

चर्टरफाइनल में हद्दाद मैया का सामना ट्यूनीशिया की ओन्स जब्योर से होगा, जो प्री–चर्टरफाइनल में अमेरिका की बर्नांडा पेरा को 6–3, 6–1 से हराकर आ रही हैं। सातवीं सीड जब्योर ने एकतरफा मुकाबले में अपनी अमेरिकी प्रतिद्वंदी को पस्त करने में सिर्फ 63 मिनट का समय लिया। इसी बीच, नॉर्वे के कैस्पर रूड ने रोमांचक पुरुष एकल मुकाबले में चिली के निकोलस जैरी को 7–6(3), 7–5, 7–5 से परास्त किया। चौथी सीड रूड को तीन घंटे 20 मिनट तक संघर्ष करना पड़ा, लेकिन वह गैर–वरीयता प्राप्त जैरी को परास्त करने में सफल रहे।

# पाकिस्तान को झटका, एशिया कप 2023 के हाइब्रिड मॉडल को 3 देशों ने किया रिजेक्ट



नई दिल्ली । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी को एक बड़ा झटका एशिया कप 2023 को लेकर लगा है। एशिया कप के आने वाले संस्करण की मेजबानी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पास है, लेकिन भारतीय टीम वहां खेलने को तैयार नहीं है। ऐसे में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुखिया नजम सेठी ने हाइब्रिड मॉडल पेश किया था, जिसे अब 3 देशों ने रिजेक्ट कर दिया है। अब अगर पाकिस्तान को एशिया कप में खेलना है तो न्यूट्रल वेन्यू पर खेलना होगा।

मीडिया की मानें तो बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड, श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पीसीबी द्वारा पेश किए गए हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार नहीं किया है। इस मॉडल के तहत पाकिस्तान में एशिया कप 2023 के शुरुआत के चार या पांच मैच खेले जाने थे और बाकी के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेले जाने की बात कही गई थी। पाकिस्तान बाकी के मैच यूएई में आयोजित कराना चाहता है, लेकिन कई देश इसके लिए तैयार नहीं हैं।

भारत ने तो पहले से ही एशिया कप 2023 को पाकिस्तान की मेजबानी, हाइब्रिड मॉडल या फिर यूएई में खेलने से किनारा कर लिया था और अब बाकी देश भी अलग हो गए हैं। ऐसे में पाकिस्तान के पास सिर्फ एक ही चारा बचता है कि अगर उसे एशिया कप में भाग लेना है तो न्यूट्रल वेन्यू पर खेलना होगा। अगर पाकिस्तान को मेजबानी अपने पास रखनी है तो फिर श्रीलंका में उनको टूर्नामेंट को आयोजित करना होगा, जिसके लिए सभी देश तैयार हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस बात पर अडिग है कि टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल के तहत खेला जाएगा। अगर ऐसा नहीं होता है तो वह वर्ल्ड कप 2023 से बायकॉट कर सकते हैं, क्योंकि ये भारत की मेजबानी में खेला जाएगा।

# स्पेशल ओलंपिक के लिये 12 जून को रवाना होगी भारतीय टीम

नयी दिल्ली ,। स्पेशल ओलंपिक विश्व ग्रीष्मकालीन खेल 2023 में हिस्सा लेने के लिये 198 खिलाडि़यों की भारतीय टीम 12 जून को जर्मनी के बर्लिन के लिए रवाना होगी। स्पेशल ओलंपिक (एसओ) भारत एक ट्रस्ट हो जिसने सोमवार को इसकी घोषणा की।

एसओ भारत ने बताया कि भारतीय जत्थे का विदाई समारोह आठ जून को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। स्पेशल ओलंपिक विश्व खेल दुनिया का सबसे बड़ा समावेशी खेल आयोजन है जो बौद्धिक रूप से अक्षम लोगों की पहचान को बढ़ावा देने वाला एक रंगीन उत्सव होगा।

बर्लिन 26 खेलों में भाग लेने के लिये आये 190 देशों के 7000 एथलीटों और एकीकृत भागीदारों का स्वागत करेगा। भारत की ओर से 198 एथलीट एवं एकीकृत भागीदार और 57 कोच 16 खेलों में भाग लेने के लिये बर्लिन पहुंचेंगे। एसओ भारत के आयोजन भागीदार निलय वर्मा ने बताया कि गुरुवार को होने वाले विदाई समारोह से पहले टॉर्च रन पूरी की जायेगी। एसओ भारत की मशाल पूरे देश से होते हुए दिल्ली पहुंचेगी और इसे नेहरू स्टेडियम के अंदरूनी हिस्से में घुमाया जायेगा। इसके बाद खेल एवं युवा मामले मंत्री अनुराग ठाकुर और महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी की उपस्थिति में विदाई समारोह आयोजित होगा। इस अवसर पर भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा, बॉलिवुड गायक सोनू निगम और पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह उपस्थित रहेंगे।



एसओ भारत की चेयरपर्सन डॉ मल्लिका नड्डा ने संवाददाताओं से कहा, स्पेशल ओलंपिक भारत बौद्धिक अक्षमताओं वाले एथलीटों के लिये एक राष्ट्रीय खेल महासंघ है। बौद्धिक चुनौतियों वाले एथलीटों को प्रशिक्षित करना और तैयार करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, खासकर जब वे बर्लिन में होने वाले आगामी स्पेशल ओलंपिक विश्व खेलों जैसे वैश्विक कार्यक्रमों के लिये प्रतिस्पर्धा करने के लिये यात्रा करते हैं। एसओ भारत खेल तक ही सीमित नहीं है हम शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल के माध्यम से समावेश की दिशा में भी काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, आठ जून को विदाई समारोह के साथ हम विशेष एथलीटों को प्रेरित करना चाहते हैं। हम इन एथलीटों को समावेश का साधन और गरिमापूर्ण जीवन प्रदान करना चाहते हैं। ऐसा करने के लिये हम राज्यों से हमारे पदक विजेता एथलीटों को बर्लिन से लौटने के बाद उचित पुरस्कार प्रदान करने और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने में सहायता करने का आग्रह करेंगे। हमारा लक्ष्य (प्रतिभा को) पहचानना, सम्मान करना, स्वीकार करना और उसे (समाज में) शामिल करना है। मैं सभी एथलीटों को आगामी खेलों के लिये शुभकामनाएं देती हूं।

## फिल्मी सफर

# एक्ट्रेस उदिता गोस्वामी बनी डीजे, वीडियो देख फैंस को लगा शॉक



इमरान हाशमी के साथ फिल्म अक्सर में रोमांस करने वाली एक्ट्रेस उदिता गोस्वामी आपको याद हैं...? उदिता बॉलीवुड की एक बेहद बोल्ड एक्ट्रेस रही हैं. उन्होंने जॉन अब्राहम के साथ फिल्म पाप से डेब्यू किया था. जॉन और इमरान हाशमी के साथ उदिता ने काफी बोल्ड सीन्स दिए थे. हालांकि, एक्ट्रेस का करियर जल्दी ही ठंडा पड़ गया और आज वो बॉलीवुड से बिल्कुल गायब हैं. पर आपको जानकर हैरानी होगी कि उदिता अब डीजे बन गई हैं. सोशल मीडिया पर उनके कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं.

उदिता गोस्वामी लंबे वक्त से ग्लैमर की दुनिया से गायब हैं. भले ही उदिता की शुरुआती फिल्में हिट रही हों लेकिन बाद में उन्हें बॉलीवुड में कोई खास काम नहीं मिल पाया था. ऐसे में एक्ट्रेस ने शादी के बाद एक्टिंग छोड़ दी थी. वो 2 बच्चों की मां हैं और 40 की उम्र में भी काफी ग्लैमरस दिखती हैं. उदिता एक्टिंग छोड़ डीजे बनकर लोगों को अपनी धुनों पर नचा रही हैं.उदिता गोस्वामी अब सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. हाल में एक्ट्रेस का एक वीडियो इंस्टा पर वायरल है. इस वीडियो में उदिता डीजे बनकर म्यूजिक एंजॉय करती नजर आ रही हैं. वीडियो शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा– जब मैं म्यूजिक प्ले करती हूं तो सबसे ज्यादा खुश होती हूं. ये मैंने पहले क्यों नहीं किया...वीडियो पर फैंस भी जमकर प्यार लुटा रहे हैं. उदिता पर फिल्माया गया गाना मन की लगन... आज भी लोगों का फेवरेट हैं. उन्होंने अगर तुम मिल जाओ... गाने में इमरान हाशमी के साथ किसिंग सीन देकर सनसनी मचा दी थी. फैंस उनके डीजे वाले अवतार को भी पसंद कर रहे हैं. उदिता खुद को देश की पहली सेलिब्रिटी बताती हैं. उन्होंने बताया कि वो प्रोफेशनल डीजे हैं और पार्टीज में म्यूजिक प्ले करना पसंद करती हैं. बता दें कि उदिता गोस्वामी ने 19 साल की उम्र में बॉलीवुड में एक्टिंग शुरू की थी. एक्ट्रेस ने इतनी कम उम्र में ही जॉन अब्राहम के साथ पाप जैसी बोल्ड फिल्म में काम किया था.

### प्रभास की आदिपुरुष का नया पोस्टर जारी, 16 जून को रिलीज होगी फिल्म

प्रभास और कृति सैनन की फिल्म आदिपुरुष को रिलीज होने में अब कुछ हफ्ते ही बाकी हैं। निर्माता फिल्म का प्रमोशन जोर–शोर से कर रहे हैं। अब शुक्रवार को निर्देशक ओम राउत ने आदिपुरुष का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें अभिनेता देवदत्त नाग की झलक देखने को मिल रही है। राउत ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर नया पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, हम हैं केसरी, क्या बराबरी, जय श्री राम।

आदिपुरुष 16 जून को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाने के लिए तैयार है, वहीं रिलीज से पहले 13 जून को इसका न्यूयॉर्क के ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर होगा। फिल्म आदिपुरुष रामायण पर आधारित है, जिसमें प्रभास और कृति के अलावा सैफ अली खान, देवदत्त नाग और सनी सिंह मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसको हिंदी समेत तेलुगू, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

# ब्रालेट टॉप पहन केट शर्मा ने चमकाया हुस्न, सोशल मीडिया पर वायरल हुईं तस्वीरें



टीवी और भोजपुरी एक्ट्रेस केट शर्मा हमेशा अपने बोल्ड फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच चर्चाओं का विषय बन जाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपने कातिलाना लुक्स की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की हॉटनेस देख कर यूजर्स बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस केट शर्मा की तस्वीरें अक्सर इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही तेजी से इंटरनेट पर वायरल होने लगती हैं।

वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स की बौछार कर देतै हैं। हमेशा की तरह इस बार भी एक्ट्रेस केट शर्मा अपने बोल्ड और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपनी लेटेस्ट हॉट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में केट शर्मा ने नियॉन कलर की ब्रालेट और साथ में सेम पैटर्न में नियॉन पेंट पहनी हुई है। एक्ट्रेस केट शर्मा अपने इस लुक में बेहद ही सिजलिंग और हॉट लुक्स में नजर आ रही हैं। फैंस को उनका ये अंदाज बेहद पसंद आ रहा है। केट शर्मा अपनी इन तस्वीरों में कैमरे के सामने अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई एक से बढ़कर एक पोज देते हुए दिखाई दे रही है।

# मनोज बाजपेयी की बंदा ओटीटी के बाद अब सिनेमाघरों में हुई रिलीज



मनोज बाजपेयी मौजूदा वक्त में फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। यह फिल्म 23 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हुई थी। फिल्म में मनोज के अभिनय की हर तरह काफी प्रशंसा हो रही है। पिछले लंबे वक्त से दर्शक इस कोर्टरूम ड्रामा फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने की मांग कर रहे थे, जो अब पूरी हो चुकी है। दरअसल, बंदा ओटीटी के बाद सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।

मनोज की बंदा को भारत के कुछ चुनिंदा सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है, जिसमें मुंबई (6), दिल्ली–उत्तर प्रदेश (9), राजस्थान (1) और बिहार (4) शामिल हैं। फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है को सेंसर बोर्ड ने यू/ए सर्टिफिकेट द्वारा पास कर दिया है। इसका मतलब फिल्म को बच्चे बड़ों की निगरानी में देख सकते हैं। फिल्म 2 घंटे, 12 मिनट, 50 सेकंड की होगी। बंदा इकलौती ऐसी फिल्म है, जिसे ओटीटी के बाद सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है।

# जेलर की शूटिंग खत्म, रजनीकांत व तमन्ना ने केक काटकर मनाया जश्न

सुपरस्टार रजनीकांत और तमन्ना भाटिया ने अपनी अगली फिल्म जेलर की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म के निर्माता सन पिक्चर्स ने ट्विटर पर रैप अप के जश्न की कुछ तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में रजनीकांत तमन्ना और निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार के साथ केक काटते नजर आ रहे हैं।

सन पिक्चर्स ने अपने आधिकारिक ट्विटर पेज पर लिखा, जेलर की शूटिंग खत्म! थिएटर पर 10 अगस्त को रिलीज होगी। 10 अगस्त को रिलीज होने वाली इस फिल्म में रजनीकांत एक जेलर की भूमिका निभाएंगे। फिल्म को एक जेल के अंदर शूट किया गया है। रजनीकांत और तमन्ना के अलावा, इसमें शिवराजकुमार, मोहनलाल, जैकी श्रॉफ और राम्या कृष्णन भी हैं। यह दूसरी बार होगा जब रजनीकांत जैकी के साथ काम करते नजर आएंगे। दोनों इससे पहले 1987 में उत्तर दक्षिण में काम कर चुके हैं।



**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com